वर्ष : 33 ➤ अंक : 336 ➤ पृष्ठ : 8 ➤ मुंबई, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 ➤ RNI: MAHHIN/49994/91 ➤ मूल्य : 3 रुपए ➤ epaper.dobajedopahar.com ➤ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का जीत से आगाज



मोहम्मद शमी और शुभमन गिल के सामने बांग्लादेश पस्त

एजेंसी । दुबई

टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने सफर की शुरुआत जीत के साथ की है। दुबई में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराते हुए पहले ही मैच में अपना खाता खोल लिया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की मुश्किल साबित हुई पिच पर टीम इंडिया को 229 रन का लक्ष्य हासिल करने में भी पसीने छूटे और एक वक्त पर वो फंसती हुई दिख रही थी लेकिन शुभमन गिल (101 नाबाद) ने एक शानदार शतक जमाकर टीम इंडिया को जीत दिलाकर ही दम लिया। गिल से पहले टीम इंडिया के लिए जीत की बुनियाद तैयार करने का काम किया स्टार पेसर मोहम्मद शमी (5/53) ने, जिन्होंने 5 विकेट लेकर बांग्लादेश की उम्मीदों को झटका दिया था।

### शमी के 5 विकेट, जाकिर-तौहीद ने जीता दिल

टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला भी बांग्लादेश के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ। टीम के कप्तान नजमुल होसैन शांतो के इस फैसले के पीछे वजह तो दमदार थी क्योंकि शाम के वक्त दुबई स्टेडियम में ओस नहीं पड़ रही थी, जिससे उसके स्पिनर अहम भूमिका निभाते लेकिन उसके लिए टीम को मुकाबले लायक स्कोर बनाने की जरूरत थी। मगर पहले और दूसरे ओवर में लगातार 2 विकेट गंवाने के बाद ये फैसला गलत साबित होता दिखा। जल्द ही 9वें ओवर तक सिर्फ 35 रन पर ही टीम के 5 विकेट गिर गए थे, जिसमें से 2 विकेट शमी ने लिए थे।

# रेखा गुप्ता ने संभाली दिल्ली की कमान

## • प्रवेश वर्मा-कपिल मिश्रा समेत 6 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। 27 साल बाद प्रचंड बहुमत के साथ जीतकर सत्ता में लौटी बीजेपी ने रेखा गुप्ता को सीएम बनाया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता को सीएम पद की शपथ दिलाई। रेखा के साथ छह मंत्रियों ने भी शपथ ली है। दिल्ली की रेखा सरकार में परवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, पंकज सिंह, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज सिंह को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

### BJP ने मंत्रिमंडल में क्षेत्र-समुदाय का बैलेंस बनाया

भाजपा ने मंत्रिमंडल में सभी प्रमुख जाति-समुदायों के प्रतिनिधित्व को बैलेंस करने की कोशिश की है। भाजपा ने सिख, जाट, वैश्य, दलित और पूर्वांचल के नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह दी है। इसके अलावा पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बनाया है।




### 5 मंत्रियों पर क्राइम केस, 2 अरबपति

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के 7 मंत्रियों में से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत 5 के खिलाफ क्राइम केस दर्ज हैं। मंत्री आशीष सूद पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। दिल्ली कैबिनेट के 2 मंत्री अरबपति हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की संपत्ति 248.85 करोड़ रुपए है। वहीं सबसे कम संपत्ति कपिल मिश्रा की 1.06 करोड़ रुपए है। 7 मंत्रियों की औसत संपत्ति 56.03 करोड़ रुपए है। 6 मंत्रियों ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट हैं जबकि एक मंत्री ने सिर्फ 12वीं तक की पढ़ाई की है। 5 मंत्री 41 से 50 साल के बीच हैं, जबकि दो मंत्रियों की उम्र 51 से 60 साल के बीच है। कैबिनेट में केवल एक महिला मंत्री है।

### दिल्ली सीएम रेखा ने वित्त अपने पास रखा

दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ के 4 घंटे के बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। CM रेखा गुप्ता ने वित्त मंत्रालय अपने पास रखा है। इसके अलावा 8 विभाग और अपने पास रखे हैं। अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले प्रवेश वर्मा को PWD, विधायी मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार में रोहिणी से चौथी बार जीते वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है।

# मंत्रालय में अब अजित पवार भी चलाएंगे वैद्यकीय सहायता कक्ष

## • मरीजों की सहायता के लिए सातवीं मंजिल पर बना विशेष कक्ष

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति के तीनों दलों के बीच मंत्रालय में वैद्यकीय (चिकित्सा) सहायता कक्ष शुरू करने की होड़ मची हुई है। अब उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार भी मंत्रालय में अपना वैद्यकीय सहायता कक्ष संचालित करेंगे। यह कक्ष मंत्रालय की सातवीं मंजिल पर उनके कार्यालय में बनाया गया है, जिसका उद्देश्य मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि कक्ष के साथ समन्वय स्थापित करना है। हालांकि, इस कक्ष से मरीजों को कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।



### पुणे कार्यालय में भी शुरू हुआ कक्ष

अधिकारी ने बताया कि इसी तर्ज पर पुणे स्थित अजित पवार के कार्यालय में भी ऐसा कक्ष शुरू किया गया है, जहां से भी मंत्रालय में फोन आते हैं और मरीजों की मदद की जाती है।

### समन्वय और सहायता के लिए बना कक्ष

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई जरूरतमंद मरीजों के परिजन उनके कार्यालय में मदद के लिए आते हैं। कई बार मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि कक्ष में आवेदन करने के बावजूद दस्तावेजों की कमी या संवाद की कमी के कारण उन्हें समय पर सहायता नहीं मिल पाती। ऐसे मामलों में समन्वय स्थापित करने और मरीजों के फॉर्म भरने में मदद के लिए यह कक्ष बनाया गया है। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों के लिए अजित पवार के हस्ताक्षर वाला पत्र भी दिया जाता है।

# डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी



**पुलिस ने जांच तेज की, सुरक्षा बढ़ाई गई**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। गोरेगांव और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के मुताबिक, अज्ञात व्यक्ति ने ईमेल के जरिए शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी। मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और शिंदे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस उपायुक्त डॉ. प्रवीण मुंढे ने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही धमकी देने वाले को गिरफ्तार किया जाएगा।

### आईपी एड्रेस ट्रेस करने में जुटी पुलिस

पुलिस ने धमकी देने वाले ईमेल के आईपी एड्रेस को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह धमकी फर्जी लग रही है, लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। इस बीच, एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्हें धमकी की जानकारी है, लेकिन वह इससे डरने वाले नहीं हैं और अपने काम को जारी रखेंगे। धमकी मिलने के वक्त शिंदे दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे।

# ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल परियोजना में करोड़ों का घोटाला!

## • प्रशांत भूषण ने हाई कोर्ट में दायर की जनहित याचिका

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने हाई कोर्ट में ठाणे-बोरीवली ट्वीन ट्यूब टनल रोड परियोजना में करोड़ों रुपये के घोटाले का दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना में बैंक गारंटी को लेकर धोखाधड़ी हुई है। गुरुवार को मुख्य



न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ के समक्ष पत्रकार रवि प्रकाश की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। प्रशांत भूषण ने दलील दी कि मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) द्वारा निजी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) की कथित बैंक गारंटी स्वीकार करने में अनियमितताएं हुई हैं।

### एमईआईएल और एमएमआरडीए का विरोध

सुनवाई के दौरान एमईआईएल की ओर से पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी और एमएमआरडीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता ने अदालत की अवमानना की है और उसके अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाए। मुकुल रोहतगी ने अदालत में अंतरिम आवेदन दायर कर याचिकाकर्ता की मंशा पर सवाल उठाए।

### अगली सुनवाई 5 मार्च को

याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि एमएमआरडीए द्वारा एमईआईएल को दिए गए अनुबंध को समाप्त किया जाए। इसमें यह भी दावा किया गया है कि एमईआईएल को राजनीतिक दलों से संबंधों के चलते यह परियोजना मिली। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को तय की है, जिसमें एमईआईएल के अंतरिम आवेदन पर भी चर्चा होगी।

# फडणवीस-शिंदे को फंसाने की साजिश की जांच तेज



## ➤➤ एसआईटी ने भाजपा विधायक प्रवीण दरेकर का बयान दर्ज किया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 2020 से 2022 के बीच झूठे मामलों में फंसाने की साजिश की जांच के तहत एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) सक्रिय हो गई है। गुरुवार को भाजपा विधायक प्रवीण दरेकर का बयान एसआईटी ने दर्ज किया।

### कैसे शुरू हुई जांच?

विधानसभा के शीतकालीन सत्र 2024 में प्रवीण दरेकर ने विधान परिषद में यह मामला उठाया था। इसके बाद ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर (742/2024) दर्ज की गई और महाराष्ट्र सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। एसआईटी इस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है और विभिन्न संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिनमें तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, राजनेता और अन्य लोग शामिल हैं।

### प्रवीण दरेकर का बयान

बयान दर्ज कराने के बाद दरेकर ने कहा, 'मैं जांच को प्रभावित नहीं करना चाहता, इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं दे सकता, लेकिन मेरे पास मौजूद सभी दस्तावेज और पेन ड्राइव मैंने एसआईटी को सौंप दिए हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'इतनी बड़ी कार्रवाई कोई अधिकारी अकेले नहीं कर सकता। देवेंद्र फडणवीस तब मुख्यमंत्री थे और एकनाथ शिंदे नगरविकास मंत्री थे, जब उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रची गई। इस साजिश के पीछे कौन था, इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए।' एसआईटी जल्द ही अन्य प्रमुख हस्तियों के बयान दर्ज कर अपनी रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपेगी।

# 'अधिकारियों पर दबाव हो सकता है, लेकिन न्यायपालिका पर नहीं'

## ई-रिक्शा लाइसेंस विवाद में सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र सरकार को फटकार

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य के अधिकारी दबाव में हो सकते हैं, लेकिन न्यायपालिका नहीं। यह टिप्पणी माथेरान में ई-रिक्शा लाइसेंस आवंटन से जुड़ी न्यायिक अधिकारी की रिपोर्ट पर सरकार के सवाल उठाने के बाद की गई। महाराष्ट्र सरकार के वकील ने न्यायालय में दलील दी कि न्यायिक अधिकारी की रिपोर्ट पूरी तरह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हो सकती। इस पर जस्टिस




बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सख्त लहजे में कहा, 'आपके अधिकारी दबाव में हो सकते हैं, लेकिन हमारी न्यायपालिका नहीं।'

### ई-रिक्शा लाइसेंस आवंटन पर पुनर्विचार का आदेश

मुंबई से करीब 83 किलोमीटर दूर स्थित हिल स्टेशन माथेरान में ऑटोमोबाइल की अनुमति नहीं है। राज्य सरकार ने सुझाव दिया कि लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू की जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को इस प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने और प्रस्ताव लाने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि रिपोर्ट एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी द्वारा तैयार की गई है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

# सुप्रीम कोर्ट से अरुण गवली को झटका

## ➤➤ जमानत याचिका खारिज
## ➤➤ कॉरपोरेटर मर्डर केस में हुई थी उम्रकैद



डीबीडी संवाददाता । नई दिल्ली/मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गैंगस्टर से नेता बने अरुण गवली की जमानत याचिका खारिज कर दी। गवली 2007 में मुंबई के पार्षद कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बंबई हाई कोर्ट के फैसले में किसी तरह का बदलाव करने से इनकार कर दिया, जिसमें गवली की जमानत याचिका पहले ही खारिज की जा चुकी थी। महाराष्ट्र सरकार के अधिवक्ता ने कोर्ट में गवली की जमानत का विरोध करते हुए बताया कि उनके खिलाफ 46 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 10 हत्या से जुड़े हैं।

# कृषि मंत्री कोकाटे को 2 साल की जेल

## ➤➤ खतरे में मंत्री पद और विधायकी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और अजित पवार की एनसीपी के विधायक माणिकराव कोकाटे की विधायकी और मंत्री पद संकट में पड़ गया है। नाशिक जिला न्यायालय ने 30 साल पुराने जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले में उन्हें दो साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोकाटे ने कहा कि उन्हें जमानत मिल गई है और वे फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे।



### क्या है मामला?

1995 में माणिकराव कोकाटे और उनके भाई ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोटे से यह दावा कर दो फ्लैट लिए थे कि उनके पास आवास नहीं है और वे निम्न आय वर्ग से आते हैं। बाद में यह धोखाधड़ी का मामला साबित हुआ। नाशिक के सरकारवाडा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जो 1997 में अदालत पहुंचा। गुरुवार को आए फैसले में कोकाटे और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी करार देते हुए दो साल की जेल की सजा सुनाई गई।

### क्या बच पाएंगे कोकाटे?

फैसले के खिलाफ अपील करने की बात कहते हुए कोकाटे ने कहा कि वे ऊपरी अदालत में जाएंगे। अगर उच्च न्यायालय से सजा पर स्थगन नहीं मिला, तो उनकी विधायकी खत्म हो सकती है। संविधान के अनुसार, किसी विधायक को दो या उससे अधिक साल की सजा होने पर उसकी सदस्यता रद्द हो सकती है।

### पांच बार विधायक रह चुके हैं कोकाटे

कोकाटे ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कांग्रेस से की थी, लेकिन बाद में वे शिवसेना, कांग्रेस, बीजेपी और एनसीपी में रहे। उन्होंने 1999 में पहली बार सिन्नर विधानसभा सीट से जीत दर्ज की और अब तक पांच बार विधायक बन चुके हैं। हाल ही में वे अजित पवार के साथ एनसीपी में शामिल हुए थे।

# उत्तर प्रदेश की बंजर जमीन विवाद को लेकर कल्याण में फायरिंग

**गोली मारने के बाद सिर पर चाकू से 8 वार**
**एक की मौत, आरोपी गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

उत्तर प्रदेश की बंजर जमीन विवाद को लेकर महाराष्ट्र के कल्याण में फायरिंग की घटना हुई, जिसमें रंजीत दुबे नामक व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी ने गोली मारने के बाद रंजीत के सिर पर चाकू से आठ वार किए, जिससे मस्तिष्क तक गहरा घाव हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।कोलसेवाड़ी पुलिस ने इस मामले में आरोपी राम सागर दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी पुलिस थाने की सीमा में घटी।



### पहले भी हो चुका था विवाद

इस जमीन को लेकर दो साल पहले भी विवाद हुआ था, जिस पर पुलिस ने मामला तो दर्ज किया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। परिजनों का आरोप है कि यदि पुलिस पहले ही सख्त कदम उठाती, तो रंजीत की जान बच सकती थी। इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।



# चलती लोकल ट्रेन में युवक ने तीन यात्रियों पर चाकू से किया हमला

**डोंबिवली रेलवे पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

महाराष्ट्र के डोंबिवली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 19 वर्षीय युवक ने चलती लोकल ट्रेन में तीन यात्रियों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डोंबिवली रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### कैसे हुआ विवाद?



बुधवार सुबह करीब 9:45 बजे कल्याण रेलवे स्टेशन से दादर की ओर जाने वाली फास्ट लोकल में मुंब्रा निवासी शेख जिया हुसैन सवार हुआ। कुछ समय बाद उसे एहसास हुआ कि यह ट्रेन मुंब्रा स्टेशन पर नहीं रुकेगी। जब ट्रेन डोंबिवली स्टेशन पहुंची, तो उसने उतरने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सका। इसी दौरान यात्रियों से उसकी बहस हो गई और गुस्से में आकर उसने चाकू निकालकर हमला कर दिया।

### तीन यात्री घायल, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

इस हमले में अक्षय वाघ (25, नाशिक), हेमंत कांकरिया (45, नाशिक) और राजेश चांगलानी (39, उल्हासनगर) घायल हो गए। मौके पर मौजूद यात्रियों ने हुसैन को पकड़ लिया और ठाणे रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस को सौंप दिया। डोंबिवली रेलवे पुलिस अधिकारी किरण उंदरे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल यात्रियों का प्राथमिक इलाज करवाने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## खबर संक्षेप

# कोकाटे और मुंडे को मंत्री पद से हटाया जाए: महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने बृहस्पतिवार को मांग की कि राज्य की महायुति सरकार को धोखाधड़ी के मामले में अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए मंत्री माणिकराव कोकाटे को और भ्रष्टाचार के मामले में उनके सहयोगी धनंजय मुंडे को बर्खास्त कर देना चाहिए।

नासिक की एक अदालत ने दिन में राज्य के कृषि मंत्री कोकाटे को दो साल के कारावास की सजा सुनाई, वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मुंडे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिसका उन्होंने खंडन किया है।

सपकाल ने संवाददाताओं से कहा, ''मुंडे ने किसानों की मदद की आड़ में (जब वह कृषि मंत्री थे) सारी हदें पार कर दीं। अब उसी विभाग के प्रभारी वर्तमान मंत्री माणिकराव कोकाटे को नासिक जिला अदालत ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए सजा सुनाई है। दोनों को मंत्रालय से हटा दिया जाना चाहिए।''

उन्होंने दावा किया कि मुंडे के इस्तीफे की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार में उन्हें हटाने का साहस नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'फर्जी' मानहानि मामले में दो साल की सजा सुनाई गई थी, तो उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी और 24 घंटे के भीतर उनका सरकारी आवास छीन लिया गया था। उन्होंने कहा, ''क्या कोकाटे पर भी इसी तरह की त्वरित कार्रवाई की जाएगी?''

सपकाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'भ्रष्टाचार के माध्यम से सार्वजनिक धन की लूट' कर रही है। उन्होंने कहा कि जब किसान अपनी उपज के उचित मूल्य के अभाव में आत्महत्या कर रहे थे, मंत्री करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार में लिप्त थे। उन्होंने कहा, ''यह छत्रपति शिवाजी महाराज के महाराष्ट्र के लिए अनुचित है।''

# भिवंडी में मनपा शिक्षा विभाग के पुन: विलय आदेश का विरोध

**विधायकों और पूर्व नगरसेवक ने आयुक्त से वापस लेने की मांग की**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के प्राथमिक शिक्षा विभाग में हाल ही में जारी पुनः विलय (परिग्रहण) आदेश के खिलाफ स्थानीय शिक्षकों में भारी आक्रोश है। इस फैसले पर विधायक रईस कासिम शेख, विधायक महेश प्रभाकर चौघुले और पूर्व नगरसेवक अंसारी शकील पापा ने कड़ी आपत्ति जताई है और आयुक्त से आदेश वापस लेने की मांग की है।

### 2014 के सरकारी आदेश का उल्लंघन




विधायक महेश प्रभाकर चौघुले ने कहा कि 2014 में महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल बोर्ड को भंग कर पुरानी व्यवस्था को बनाए रखने का आदेश दिया था। नई व्यवस्था बनाने का अधिकार केवल सरकार के पास है, लेकिन पूर्व आयुक्त अजय वैद्य ने सरकारी आदेश की अनदेखी कर पुन: एकीकरण का आदेश जारी किया, जो नियमों का उल्लंघन है। विधायक रईस कासिम शेख ने कहा कि इस निर्णय से शिक्षा विभाग का दैनिक कार्य प्रभावित होगा और शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, पूर्व नगरसेवक अंसारी शकील पापा ने आयुक्त को लिखित पत्र भेजकर इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

### शिक्षकों और अभिभावकों की चिंताएं

शिक्षकों का कहना है कि नए आदेश से स्कूलों में अनावश्यक जटिलताएं बढ़ेंगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। अभिभावकों ने भी आशंका जताई कि इस तरह के प्रशासनिक प्रयोगों का नकारात्मक असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ेगा।

### शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण मांगें

2014 के सरकारी आदेश के अनुसार ही काम जारी रहे। नई व्यवस्था पर निर्णय केवल सरकार की मंजूरी के बाद हो। शिक्षकों को प्रशासनिक कार्यों से मुक्त रखा जाए। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं और मरम्मत कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं।

# भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में जल परिवहन कार्यों में आएगी तेजी


**कपिल पाटिल के प्रयासों से स्वीकृत हुई धनराशि**

**जल्द शुरू होंगे घाटों के निर्माण कार्य**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में जल परिवहन को गति देने के लिए पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल के प्रयास रंग लाए हैं। 'सागरमाला' योजना के तहत क्षेत्र में जेटी निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है, जिससे काल्हेर, अंजूर डाइव, डोंबिवली और कल्याण में घाटों का निर्माण तेजी से पूरा किया जाएगा। इससे नागरिकों को जलमार्ग से यात्रा करने का सपना साकार होगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए कपिल पाटिल ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया है।

### जल परिवहन परियोजना को लेकर वर्षों से हो रहे प्रयास



भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में बढ़ते यातायात को देखते हुए कपिल पाटिल ने 2014 में कल्याण-भिवंडी-ठाणे होते हुए वसई तक जल परिवहन शुरू करने की योजना बनाई थी। इसके तहत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया गया था, जिसके बाद 'अंतर्देशीय जल परिवहन' परियोजना को मंजूरी मिली। जुलाई 2017 में इस परियोजना पर केंद्रीय परिवहन मंत्रालय में बैठक आयोजित हुई, जिसमें पहले चरण में काल्हेर, अंजूर डाइव और कल्याण पश्चिम में घाटों की स्वीकृति दी गई।

### सागरमाला योजना से मिलेगा जल परिवहन को बढ़ावा

अब केंद्र सरकार ने सागरमाला योजना के तहत जल परिवहन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, जिससे सड़क यातायात का दबाव कम होगा। इस योजना के तहत यात्री जल परिवहन के साथ-साथ रो-रो सेवाओं द्वारा माल परिवहन की भी सुविधा मिलेगी। केंद्र और राज्य सरकारें इसके लिए 50-50 प्रतिशत वित्त पोषण प्रदान करेंगी। इसी के तहत कोंकण क्षेत्र में 11 घाटों और टर्मिनलों के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त को मंजूरी दी गई है।

# 'विधायक-सांसद एसटी बसों में करें सफर'

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोलापुर से धाराशिव तक किया बस यात्रा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/सोलापुर

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को राज्य परिवहन (एसटी) की बस में सोलापुर से धाराशिव तक यात्रा की। इस दौरान उन्होंने राज्य के सांसदों और विधायकों से अपील की कि वे भी एसटी बसों में सफर करें, क्योंकि एसी में बैठकर जनता की समस्याओं का सही अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।




### नई बस में सफर पर उठे सवाल

सरनाईक के बस सफर के दौरान यात्रियों ने सवाल उठाए कि आम जनता रोजाना टूटी खिड़कियों और फटी सीटों वाली बसों में सफर करती है, जबकि जनप्रतिनिधियों के दौरे के लिए नई बसों की व्यवस्था की जाती है। इस पर मंत्री ने माना कि एसटी महामंडल के अधिकारियों ने उनके लिए नई बस का इंतजाम किया था।

### एसटी बसों की हालत सुधारने का दावा

मंत्री ने स्वीकार किया कि एसटी बसों की स्थिति खराब है, इसलिए वे राज्यभर का दौरा कर यात्रियों की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने 5,000 नई बसें खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने सांसदों और विधायकों से भी अपील की कि वे एसी वाहनों की बजाय एसटी बसों में सफर कर जनता की वास्तविक परेशानियों को समझें।

# आरपीएफ का लाइफ सेविंग अभियान

## अंधेरी आरपीएफ ने 4 दिनों में बचाई 2 यात्रियों की जान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे के आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ₹लाइफ सेविंग अभियान₹ के तहत अंधेरी आरपीएफ जवानों ने पिछले चार दिनों में दो यात्रियों की जान बचाकर अपनी सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय दिया।



### पहली घटना - 19 फरवरी

अंधेरी आरपीएफ निरीक्षक राजीव सिंह सलारिया के अनुसार, 19 फरवरी की रात प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे एमएसएफ स्टाफ हनुमंत शिंदे और संदीप मराठे ने एक यात्री को चलती ट्रेन से गिरने से बचाया। रात 9:10 बजे चर्चगेट फास्ट ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर आई। जैसे ही ट्रेन चली, एक यात्री ने उसे पकड़ने की कोशिश की और गिर गया। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गाड़ी और प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से बचा लिया।

### दूसरी घटना - 16 फरवरी

16 फरवरी को अंधेरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर लोकशक्ति एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश में अंधेरी सात बंगला निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र मांगीलाल ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच आ गए। वहां मौजूद आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक पहुप सिंह ने तुरंत दौड़कर उनकी जान बचाई। राजेंद्र ने बताया कि उन्हें अहमदाबाद जाना था, इसलिए चलती ट्रेन पकड़ने का प्रयास किया। आरपीएफ ने उन्हें अरावली एक्सप्रेस से यात्रा करने की सलाह दी।

# क्लस्टर योजना को लेकर विधायक केलकर ने की अधिकारियों से बैठक

**नागरिकों की शंकाओं के समाधान पर दिया जोर**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मनपा क्षेत्र में खतरनाक और अनधिकृत इमारतों व झोपड़पट्टी के पुनर्विकास के लिए क्लस्टर योजना को क्रांतिकारी बताया जा रहा है। इस योजना को लेकर विधायक संजय केलकर ने नागरिकों के साथ मनपा अधिकारियों से मुलाकात की और प्रशासन को चेतावनी दी कि अंदरूनी सौदेबाजी के जरिए क्लस्टर योजना का लाभ केवल विकासकों को न दिया जाए।




### ठाणे में क्लस्टर योजना का क्रियान्वयन

भाजपा-शिवसेना गठबंधन सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे ने ठाणे शहर में क्लस्टर योजना लागू करने का निर्णय लिया था। इस योजना के तहत मनपा क्षेत्र में 48 शहरी पुनर्निर्माण योजनाएं तैयार की गई हैं। हालांकि, मानपाड़ा, अशोक नगर, आज़ाद नगर, गणेश नगर और मनोरमा नगर में क्लस्टर योजना को लेकर नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

### नागरिकों की शंकाओं का समाधान जरूरी

विधायक केलकर ने कहा कि वह झोपड़पट्टी के रहवासियों के साथ खड़े हैं और प्रशासन को नागरिकों की शंकाओं को दूर करना चाहिए। उन्होंने मनपा मुख्यालय में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोड़े और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर नागरिकों को आश्वस्त किया। साथ ही सुझाव दिया कि मनपा को सार्वजनिक सभाओं और बैठकों के जरिए क्लस्टर योजना से जुड़ी शंकाओं का समाधान करना चाहिए।

# किरीट सोमैया ने ईडी से न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक धोखाधड़ी की जांच की मांग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




भाजपा नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच करने का आग्रह किया। ईडी निदेशक राहुल नवीन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक की वित्तीय स्थिति को देखते हुए अगले छह महीनों के लिए नए ऋण जारी करने, नई जमा स्वीकार करने और निकासी पर रोक लगा दी है।

सोमैया ने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बैंक के महाप्रबंधक द्वारा 122 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है। उन्होंने आशंका जताई कि सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन किए गए हैं और धन विदेश भेजा गया हो सकता है। इस घोटाले से एक लाख से अधिक जमाकर्ता प्रभावित हुए हैं।

न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक और खातों के प्रमुख हितेश मेहता को 122 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी के मामले में 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। सोमैया ने इस घोटाले की व्यापक जांच के लिए ईडी से हस्तक्षेप की मांग की है।

# अनधिकृत इमारतों की रजिस्ट्री जारी, शिवसेना नेता ने की जांच की मांग

**कल्याण-डोंबिवली में अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने खुलासा किया है कि कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद अनधिकृत इमारतों की रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने इस मामले में डीसीपी अतुल जेंडे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जिला संगठक तात्या माने, शहर प्रमुख सचिन बासरे समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### फर्जी दस्तावेजों से हो रही धोखाधड़ी

कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे सरकार और नागरिकों को वित्तीय और कानूनी नुकसान हो रहा है। म्हात्रे के अनुसार, तलाठी, तहसीलदार और कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर और ठप्पों का इस्तेमाल कर अवैध परमिट तैयार किए गए हैं। इस कारण सरकार को गुमराह कर मुकदमे भी दर्ज किए गए।



### भ्रष्टाचार के आरोप, 3 लाख में हो रही रजिस्ट्री

दीपेश म्हात्रे ने आरोप लगाया कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी 3 लाख रुपये तक की रिश्वत लेकर अनधिकृत फ्लैटों की रजिस्ट्री कर रहे हैं। इससे सरकार को गुमराह किया जा रहा है और नागरिकों के साथ धोखाधड़ी हो रही है। उन्होंने दोषी अधिकारियों को निलंबित करने, कानूनी कार्रवाई करने और सभी अवैध रजिस्ट्रियों को तुरंत रद्द करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी न हो।

# उद्धव ठाकरे बने 'शॉकर मैन'

- जापान की स्थिति से अपनी हालत की तुलना की
- उद्धव ठाकरे ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना यूबीटी पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कुर्ला और कलिना के पदाधिकारियों से मुलाकात की। दरअसल सोमनाथ सापले को विभाग क्रमांक 6 का प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद कुछ पदाधिकारी उद्धव ठाकरे से मिलने गए। इस अवसर पर उद्धव ठाकरे ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने एक बड़ा बयान दिया। ठाकरे ने सरल भाव से कहा कि हर दिन झटकों और धमाकों की खबरें आती रहती हैं। मैं अब एक शॉकरमैन बन गया हूं।



### 'मेरी हालत जापान जैसी है'

उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेरी हालत बिल्कुल जापान जैसी हो गई है। आपको पता ही होगा कि जापान की स्थिति बिल्कुल अलग है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी दिन जापान में भूकंप नहीं आता है, तो लोग आश्चर्य व्यक्त करते हैं। इसी तरह उद्धव ठाकरे को हर दिन झटके के बाद झटके मिलते हैं। मैं 'शॉकर मैन' बन गया हूं। कोई जितना चाहे उतना झटका दे, जब हमारा समय आएगा और हम झटका देंगे, वह अविस्मरणीय होगा।

### 'यह लड़ाई अकेले की नहीं है'

उद्धव ठाकरे ने कार्य कर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्णय लेने के बाद थोड़ी सहमति और थोड़ी नाराजगी होती है। अब किसी को इस तरह नाराज मत होने दीजिए। सोमनाथ जी आपको नए सिरे से पेश करने की जरूरत नहीं है। शिवसेना प्रमुख से लेकर शिवसैनिकों तक, पुराना अनुशासन है। शायद कठोर अनुशासन। लेकिन अब जब सैनिकों की बात आती है, तो अनुशासन आना चाहिए। कुछ गुस्सा और हताशा हो सकती है, यह लड़ाई अकेले मेरे लिए नहीं है। यह लड़ाई हमारी है।

### 'मराठी लोगों की जड़ों पर हमला करने का प्रयास'

उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ हमारी नहीं है। जो लोग हमारी जड़ों पर हमला कर रहे हैं, उनकी हिम्मत कैसे हुई और वे अपनी ही लकड़ी को कुल्हाड़ी की तरह इस्तेमाल करके शिवसेना यानी मराठी लोगों की जड़ों पर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर हम एक नहीं रहे, तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और कुछ नहीं होगा।

### 'फिल्म छावा जरूर देखें'

उद्धव ठाकरे ने अपील की कि मैं जानबूझकर हर किसी से कह रहा हूं कि वे फिल्म 'छावा' देखें। अब दिल्ली से खबरें आ रही हैं कि लोग आंखें बंद करके जा रहे हैं। आप भी आंखें बंद करके मत जाइए, बल्कि अपनी आंखें खोलकर जाइए।

### 'प्रत्येक शाखा में अपनी जिम्मेदारी स्वयं लें'

उद्धव ठाकरे ने अपील की कि ये संगठन निर्माण के दिन हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने की संभावना है। 227 या 236 का फैसला आएगा। अप्रैल-मई में नगर निगम चुनाव होने की प्रबल संभावना है। आपके पास जो भी समय है, प्रत्येक शाखा में अपनी जिम्मेदारी लें। मुझे विश्वास है कि पिछले विधानसभा चुनाव में जो अनुभव हुआ, जो भी गलतियां हुईं, वे फिर नहीं होंगी, कृपया तीनों वार्ड मेरे लिए भगवा कर दें।

# निर्वासन की राह देख रहा पाकिस्तानी नागरिक

- चार महीने से पुलिस स्टेशन में बंद
- मुंबई पुलिस स्टेशन बना अस्थायी ठिकाना



**मुंबई।** पाकिस्तान का 65 वर्षीय नागरिक नादिर मुनीर खान बीते चार महीने से मुंबई के माता रामबाई आंबेडकर मार्ग पुलिस स्टेशन में रह रहा है। अवैध रूप से भारत में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किए गए कराची के इस कपड़ा व्यापारी को सजा पूरी करने के बाद निर्वासन का इंतजार है।

### कैसे पहुंचा भारत?

नादिर मुनीर खान 2023 में व्यापार के लिए नेपाल गया था, जहां व्यापारियों ने उससे लेदर जैकेट खरीदकर पैसे नहीं चुकाए और उसका पासपोर्ट छीन लिया। तय समय से अधिक नेपाल में रुकने पर उस पर जुर्माना लगाया गया, जिससे बचने के लिए वह अवैध रूप से भारत में दाखिल हो गया और दिल्ली होते हुए मुंबई पहुंचा।

### गिरफ्तारी और सजा

11 अप्रैल 2024 को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास उसे पकड़ा गया। जांच में अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने की पुष्टि हुई। खुफिया विभाग और रॉ ने पूछताछ के बाद उसे छह माह की जेल की सजा सुनाई।

### चार महीने से पुलिस स्टेशन में इंतजार

11 अक्तूबर 2024 को सजा पूरी होने के बाद उसे रिहा कर दिया गया, लेकिन निर्वासन प्रक्रिया लंबित होने के कारण उसे एमआरए मार्ग पुलिस थाने में रखा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दादर में 5 किलोग्राम एमडी ड्रग जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने दादर इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलोग्राम एमडी ड्रग के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग की कीमत 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। क्राइम ब्रांच यूनिट-9 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर ड्रग लेकर दादर में आने वाले हैं। इस पर बुधवार देर रात पुलिस ने इलाके में निगरानी रखी और दो संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर जहांगीर शेख और शेनोल खान के बैग से 5 किलोग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ माटुंगा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### फिल्म सिटी के पास झुग्गियों में आग, कोई हताहत नहीं

मुंबई। गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी के पास संतोष नगर की झुग्गियों में बृहस्पतिवार शाम भीषण आग लग गई। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक, आग शाम साढ़े सात बजे भड़क उठी, जिसके बाद दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 14 दमकल गाड़ियां और अन्य उपकरण मौके पर भेजे। राहत एवं बचाव कार्य जारी है, और सभी संबंधित एजेंसियां तथा 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर मौजूद हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

# 'लाड़की बहिन' से विवाहित महिलाओं को मिल रहा लाभ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महायुति सरकार की महाराष्ट्र में दोबारा वापसी कराने में मुख्य भूमिका निभाने वाली योजना मानी जा रही 'मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना' को लेकर एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' के लाभार्थियों में से 83 प्रतिशत विवाहित महिलाएं हैं। यह योजना, जिसे नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला माना जाता है, 21 से 65 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को 1,500 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करती है जो विवाहित, तलाकशुदा, विधवा, परित्यक्त या निराश्रित हैं और जिनके परिवार की आय 2,50,000 रुपये प्रति वर्ष से कम है।



### 'लड़की बहिन योजना' के 2.5 करोड़ लाभार्थी

इस योजना के अब तक लगभग 2.5 करोड़ लाभार्थी हैं, हालांकि सरकार अब उन लोगों को बाहर करने के लिए जांच कर रही है जो अपात्र हैं। यह लाभ प्रति परिवार एक अविवाहित महिला को भी प्रदान किया जाता है। गुरुवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आंकड़ों से पता चलता है कि विवाहित महिलाओं की संख्या 83 प्रतिशत है, जबकि अविवाहित महिलाओं की संख्या 11.8 प्रतिशत है। विधवाओं की संख्या 4.7 प्रतिशत है, जबकि 'तलाकशुदा, निराश्रित या परित्यक्त' महिलाओं की संख्या सामूहिक रूप से 1 प्रतिशत से भी कम है। तलाकशुदा महिलाओं की संख्या 0.3 प्रतिशत, परित्यक्त महिलाओं की संख्या 0.2 प्रतिशत और निराश्रित महिलाओं की संख्या 0.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक 29 प्रतिशत लाभार्थी 30-39 आयु वर्ग से हैं, इसके बाद 25.5 प्रतिशत 21-29 आयु वर्ग से और 23.6 प्रतिशत 40-49 आयु वर्ग से हैं। 60 से 65 वर्ष की आयु की महिलाओं की संख्या केवल पांच प्रतिशत है। पुणे जिले में इस योजना के लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, इसके बाद नासिक और अहमदनगर का स्थान है। दूसरी ओर, सिंधुदुर्ग और गढ़चिरौली जिलों में सबसे कम आवेदन आए हैं।

### कांग्रेस ने महायुति सरकार पर लगाए आरोप

मामले में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने गुरुवार को सरकार पर चुनाव से पहले योजना शुरू करके महिला मतदाताओं को गुमराह करने और सत्ता में आने के बाद लाभार्थियों की संख्या में कटौती करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'सरकार ने वोट पाने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहन के तौर पर धन वितरित किया। (चुनावों के बाद) सत्ता संभालने के बाद, इसने कई शर्तें लगाईं जिससे पात्र लाभार्थियों की संख्या में काफी कमी आई है।'

# मुआवजा दिए बिना भूमि अधिग्रहण नहीं कर सकती नगर परिषद: बॉम्बे हाई कोर्ट

- पूर्णिमा टॉकीज के मालिक को मुआवजा देने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने साफ किया है कि विकास कार्यों के लिए किसी की भूमि का अधिग्रहण बिना उचित मुआवजा दिए नहीं किया जा सकता। अदालत ने डहाणु नगर परिषद को सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले पूर्णिमा टॉकीज के मालिक को मुआवजा देने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेथना की पीठ ने इस मामले में डहाणु नगर परिषद के 23 जुलाई 2023 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भूमि मालिक को मुआवजा देने से इनकार किया गया था।



### मामले की पृष्ठभूमि

पूर्णिमा टॉकीज के मालिक हेमंत माली ने अपनी याचिका में बताया कि 1939 में उनके परिवार को यह भूमि अनुदान में मिली थी। 1993 में सरकार ने उन्हें सुरक्षा के लिए दीवार बनाने की अनुमति दी थी। 2022 में नगर परिषद ने सड़क चौड़ीकरण के लिए उन्हें नोटिस जारी किया। उन्होंने सहमति जताई लेकिन मुआवजे की मांग की, जिसे ठुकरा दिया गया और उनकी दीवार गिरा दी गई। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया, जहां से उन्हें राहत मिली।

### अधिग्रहण में कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि नगर परिषद ने वैध अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाने के बजाय याचिकाकर्ता की दीवार को गिरा दिया और मुआवजा नहीं दिया, जो कानून का उल्लंघन है। अदालत ने इसे अनुच्छेद 300 (ए) के तहत याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों का हनन माना। पीठ ने स्पष्ट किया कि बिना समझौते के आरक्षित भूमि को एमआरटीपी अधिनियम की धारा 126(1) के तहत अधिग्रहित नहीं किया जा सकता। यदि कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, तो मुआवजे का भुगतान 2013 अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मुख्य प्रशासनिक कार्यालय (निर्माण) सड़क सुरक्षा परियोजना, पश्चिमी रेलवे, चर्चगेट **ई-निविदा संख्या: CAO/C/RSP/WR/2024-25/01, दिनांक: 18.02.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** वडोदरा मंडल के दभोई छोटाउदेपुर खंड (17 संख्या) और वडोदरा-गेरतपुर खंड (2 संख्या) पर ग्रेड सेपरेटर (आरओबी/आरयूबी) के निर्माण/सड़कों के विलय/डायवर्सन द्वारा लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करने के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन, जांच, विस्तृत सर्वेक्षण, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना और विस्तृत डिजाइन कार्य करना (कुल 19 संख्या)। **अनुमानित लागत कार्य:** 3,40,20,828.18 **ईएमडी:** 3,20,100/- **बोली लगाने के लिए ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता:** 26.02.2025 को 11:00 बजे से 12.03.2025 को 15:00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया** जाएगा। 1098

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# धनंजय मुंडे की बोलती बंद

- 'बेल्स पाल्सी' से पीड़ित होने के कारण मेरी बोलने की क्षमता प्रभावित हुई है : मुंडे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे कई आरोपों से घिरे हुए, जिसकी वजह से उनसे कई सवाल किए जा रहे है। इन सवालों का जवाब देने में असमर्थ धनंजय मुंडे की अब बोलती ही बंद हो गई है। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा अजित पवार गुट के नेता धनंजय मुंडे ने गुरुवार को एक बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि उन्हें 'बेल्स पाल्सी' नामक बीमारी है, जिससे उनकी बोलने की क्षमता प्रभावित हुई है। धनंजय मुंडे ने इस बात का खुलासा फेसबुक पर अपनी एक पोस्ट के जरिए किया। धनंजय मुंडे ने अपनी पोस्ट में कहा, "फिलहाल मैं दो मिनट भी ठीक से बोल नहीं पा रहा हूं, जिसकी वजह से मैं मंत्रिमंडल की बैठक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पा रहा हूं।" धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को भरोसा दिलाया कि वह अपनी बीमारी से उबरने और जल्द से जल्द सार्वजनिक सेवा में लौटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री ने करीब 15 दिन पहले आंखों की सर्जरी करवाई थी और उन्हें तेज रोशनी, धूल और धूप से बचने की सलाह दी गई थी।

### आखों की सर्जरी का दिया था हवाला



बता दें कि इससे पहले बीड जिले में एक सरपंच की हत्या और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे ने आखों की सर्जरी का बहाना दिया था। धनंजय मुंडे ने कहा था कि वह 10 फरवरी को काम पर लौटेंगे। धनंजय मुंडे ने कहा कि मुंबई में प्रसिद्ध नेत्र रोग स्पेशलिस्ट तात्याराव लहाने के निजी अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई है। अब फरवरी में काम पर लौटे कुछ ही दिन हुए है और अब एक और बीमारी मुंडे ने सामने ला दी है।

### बीड हत्याकांड में नाम

पिछले साल नौ दिसंबर को बीड के मसाजोग में सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण और हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद से वह विपक्ष और सत्तारूढ़ 'महायुति' के कुछ सहयोगियों के निशाने पर हैं। मुंडे ने कहा है कि उनका सरपंच मामले से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कृषि मंत्री रहते हुए अनियमितताओं के आरोपों का भी खंडन किया है।

# शिक्षा संस्थानों के लिए ऑनलाइन अल्पसंख्यक दर्जा अनिवार्य

- शिकायतों के बाद सरकार ने उठाया सख्त कदम

**मुंबई।** प्रदेश की महायुति सरकार ने शिक्षा संस्थानों के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। अब राज्य में जुलाई 2017 से पहले ऑफलाइन तरीके से अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त करने वाले सभी शिक्षा संस्थानों को ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा। सोमवार को राज्य के अल्पसंख्यक विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया। सरकार ने सभी शिक्षा संस्थानों को ऑनलाइन माध्यम से नए सिरे से आवेदन करने के लिए छह महीने का समय दिया है।



### दुरुपयोग रोकने के लिए कड़ा फैसला

शासनादेश के अनुसार, जुलाई 2017 से पहले अल्पसंख्यक विकास विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग और उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के माध्यम से अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त करने वाले संस्थानों को अब दोबारा प्रमाणपत्र लेना होगा।

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

उप. मुख्य विद्युत अभियंता (ईएमयु), तीसरी मंजिल, नवीन मुख्य कारखाना प्रबंधक भवन, सवारी कारखाना, मध्य रेल्वे, माटुंगा, मुंबई - 400 019, **निविदा संख्या: ईएमयु/माटुंगा/एचटी टीएम डक्ट/09-24.** सिमेंस मोटर कोचो के एचटी एंड के ट्रैक्शन मोटर के स्टेनलेस स्टील एयर डक्ट की डिजाइन आपूर्ति फिटमेंट और कमीशनिंग करना. मात्रा: 356 नग, कार्य के लिये इ-निविदा आमंत्रित करते है. **अनुमानित लागत:** ₹ 3,68,08,285.36. **ईएमडी:** ₹ 3,34,100/- निविदा प्रपत्र शुल्क: शुन्य, **समापन अवधी:** 24 माह, **निविदा जमा करने की समाप्ति दिनांक एवं समय: 19.03.2025, 14.30** बजे. निविदा केवल ई टेण्डरिंग फॉरमेट में वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे. निविदा पुस्तिका वेबसाइट पर उपलब्ध हैं. **AK-794**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी उपलब्ध करना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से डिप्टी मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट) भुसावल, मंडल-भुसावल, सेंट्रल रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए पात्र निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसे दिनांक **13.03.2025** को **15.00 बजे** तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **निविदा सूचना नं. CR-BSL-SNT-PROJ-PSSA-2025 dtd. 06.02.2025. कार्य का नाम :** निम्नलिखित कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी उपलब्ध कराना (i) मध्य रेलवे भुसावल मंडल के क्षेत्राधिकार में सर्वेक्षण, डिज़ाइन, आपूर्ति, स्टेशनरी कवच उपकरण की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, और अन्य संबद्ध कार्य। (ii) मध्य रेलवे में कवच और अन्य संबंधित कार्यों के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **लगभग मूल्य:** ₹ 9,10,77,966.22. **ईएमडी:** ₹ 6,05,400/-. **खुलने की तारीख़: 13.03.2025. वैधता:** 120 days. **समापन अवधी:** 66 Months. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा विवरण मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है. निविदा दस्तावेज वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **AK-795**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी संख्या | 2025_ एमसीजीएम 1152023 आई |
| संगठन का नाम | **बृहन्मुंबई महानगरपालिका** |
| विषय | ch.engg.(M&E) के अधीन म्यूनिसिपल पावर लॉन्ड्री में ट्विन फ्लैट बेड प्रेस की मरम्मत, सर्विसिंग और ओवरहालिंग का कार्य। |
| निविदा की सर्विसिंग फीस की लागत | रु.3300/-(+18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | निविदा की वस्तु दर |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु.20,000/- |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 20.02.2025 16:00 बजे से |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | 05.02.2025 11:00 बजे से |
| निविदा बेचने की अंतिम तिथि और समय | 27.02.2025 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 27.02.2025 16:00 बजे तक |
| पूर्व-बोली बैठक | लागू नहीं |
| पैकेट ए (बोली खोलना) का खुलना/बदलना | 28.02.2025 16:00 बजे |
| पैकेट खोलना बी (बोली खोलना) दिनांक/बाद | 28.02.2025:16:00 बजे |
| पैकेट सी (बोली खोलना) दिनांक/बाद | 04.03.2025: 16:00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः ई. ई. मेक. (दक्षिण)। बीएमसी म्यूनिसिपल वर्कशॉप, आर. एस. निमकर मार्ग। भायखला, मुंबई-400 008 |
| बोली खोलने का स्थान | ए.ई. (एम.पी.एल.) के कार्यालय में ऑनलाइन। |
| संपर्क व्यक्ति | |
| ए) नाम | श्री एन.टी. जाधव |
| बी) मोबाइल नंबर | 9769005647 |
| सी) ईमेल पता | acmpl.me@megm.gov.in |
| वेबसाइट | http://portal.megm.gov.in/tenders. hups://mahatenders.gov.in. |

**यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।**
बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता./-
अधिशाषी अभियंता मैकेनिकल (दक्षिण)

पीआरओ/2594 /विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# अश्लीलता का कारोबार

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति-नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों-रात फेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोध जरूरी है। नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें। कालांतर ये प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक विद्रूपताओं को सींचती हैं बल्कि अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। साथ ही सोशल मीडिया के कंटेंट पर निगरानी के लिये सशक्त नियामक संस्था की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

# जर्मनी में दक्षिणपंथियों के निशाने पर आप्रवासी




पुष्परंजन

धुर दक्षिणपंथी, अल्टरनेटिव फ्यूर डाएचलांड (एएफडी) का डंका जर्मन चुनाव में बज रहा है। संसदीय चुनाव 23 फरवरी, 2025 को है। जर्मन संसद 'बुंडेस्टाग' के 630 सदस्यों के लिए संघीय चुनाव, 28 सितंबर, 2024 को निर्धारित था, जो गठबंधन के टूटने के कारण आगे बढ़ा दिया गया। 12 साल पहले, 6 फ़रवरी, 2013 को अल्टरनेटिव फ्यूर डाएचलांड (एएफडी) की बुनियाद रखी गई थी। जर्मनी की सबसे नई-नवेली पार्टी, पुरानी पार्टियों की लकीर छोटी कर देगी, ऐसा देखकर कछुए और खरगोश की चाल समझने वाले चुनावी पंडितों को भी हैरानी हो रही है। क्या उसकी वजह आप्रवासन विरोधी वह माहौल है, जिसे बनाने में 'एएफडी' को कामयाबी हासिल हो रही है? 'एएफडी' ने 2014 में जर्मनी में यूरोपीय संसद में प्रतिनिधित्व के वास्ते चुनाव में यूरोपीय कंजर्वेटिव और रिफॉर्मिस्ट (ईसीआर) के सदस्य के रूप में सात सीटें जीतीं। अक्तूबर, 2017 तक 16 जर्मन राज्य संसदों (विधानसभाओं) में से 14 में प्रतिनिधित्व हासिल करने के बाद, 'एएफडी' ने 2017 के जर्मन संघीय चुनाव में 94 सीटें जीती, और देश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई। या यों कहें, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भी बन गई। यह पार्टी जर्मनी के पूर्वी क्षेत्रों में सबसे मजबूत है, विशेष रूप से सैक्सनी और थुरिंगिया के राज्यों में। ये वो इलाके हैं, जहां आप्रवासन को नापसंद किया जाता है, और यहां के ज्यादातर लोग बाहर से आकर बसने वालों का विरोध करते हैं। ख़ुसूसन, मुस्लिम समुदाय के लोग इनके निशाने पर होते हैं।

सितंबर, 2012 में, अलेक्जेंडर गौलैंड, बर्नड लक, और पत्रकार कोनराड एडम ने यूरोज़ोन संकट से संबंधित जर्मन संघीय नीतियों का विरोध करने, और ग़रीबी में ग़र्क़ होते जा रहे दक्षिणी यूरोपीय देशों के लिए जर्मन समर्थित बेलआउट का सामना करने के लिए राजनीतिक समूह, 'इलेक्टोरल अल्टरनेटिव' की स्थापना की थी। उनके घोषणापत्र का कई अर्थशास्त्रियों, पत्रकारों, व व्यापार जगत के नेताओं ने समर्थन किया, और कहा कि 'यूरोज़ोन', एक मुद्रा क्षेत्र के रूप में 'अनुपयुक्त' साबित हुआ है। यानी, ये लोग पुरानी जर्मन करेंसी, 'डायच मार्क' की वापसी चाहते हैं। 'मार्क', 1948 से लेकर 2002 तक जर्मनी में चलन में थी।

दिसंबर में एक सऊदी व्यक्ति द्वारा पूर्वी जर्मन शहर, मैगडेबर्ग के क्रिसमस मार्केट में कार घुसाने के दौरान कई लोग मारे गए। धुर दक्षिणपंथियों ने इसे मुद्दा बना लिया। लोग इस घटना को लेकर बाहरी लोगों को कोस रहे थे। एक 13 वर्षीय सीरियाई लड़का शहर के दूसरी तरफ़ एक लिफ्ट में था, जब एक वयस्क पड़ोसी ने उसका गला पकड़ लिया और बोला, 'यह हमला तुम जैसे लोगों की वजह से हुआ।' वह बालक शरणार्थी के रूप में जर्मनी आया था। इस घटना के प्रकारांतर 22 जनवरी, 2025 को बावेरियन शहर अस्चाफेनबर्ग के एक पार्क में बच्चों को निशाना बनाकर चाकू से हमला करके दो लोगों की हत्या करने के संदिग्ध एक अफ़गान शरणार्थी की गिरफ़्तारी ने आप्रवासन नीति को और भी सख़्त करने की मांग की है। इन दोनों घटनाओं ने जर्मनी के 23 फ़रवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव प्रचार अभियान में बारूद भर दिया है। शीर्ष राजनेताओं को देश में प्रवेश करने वाले शरणार्थियों की संख्या में भारी कमी लाने की कसम खाने के लिए बाध्य कर दिया।

एएफडी, 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' जैसा माहौल बना चुकी है। चुनांचे, एएफडी के चरमपंथी होने का संदेह व्यक्त किया जाने लगा है। गृह मंत्रालय ने इसकी जांच जर्मनी की घरेलू खुफिया एजेंसी के हवाले कर दी है। लेकिन, अब तो चुनाव सामने है। ये चरमपंथी साबित हो भी गए, तो सत्ता छोड़ेंगे, इसमें शक ही है। पहले के सर्वेक्षणों में एएफडी को 20 फीसद से ज्यादा लोगों का समर्थन मिलता दिख रहा था, मगर अब यह बढ़कर 27 प्रतिशत हो गया है।


लाइपजिष यूनिवर्सिटी द्वारा कराए सर्वे के नतीजे बुधवार को जारी हुए। इसमें पाया गया, कि एएफडी का समर्थन करने वालों में 70.6 फीसद लोग पुरुष हैं। किसी भी जर्मन पार्टी के लिहाज से यह अनुपात सबसे अधिक है। पुरुषों का समर्थन दूसरे नंबर पर कारोबार समर्थक फ्री डेमोक्रैटिक पार्टी और वामपंथी द लिंके को भी हासिल है। इन दोनों के समर्थकों में 62 फीसदी पुरुष हैं। अर्थात, इस बार के जर्मन चुनाव में महिलाओं की दिलचस्पी घटी है। लेकिन, ग्रीन पार्टी अपवाद बनी है, जिसका समर्थन करने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। लाइपजिष यूनिवर्सिटी द्वारा किये सर्वे के मुताबिक, ग्रीन पार्टी को सिर्फ 33.6 फीसदी पुरुषों का ही समर्थन हासिल है। बाकी का हिस्सा महिलाओं का है। भारत बहुत पहले एक समझौते के ज़रिये इस बात के लिए बाध्य हो चुका है, कि जिन्हें जर्मन सरकार अवैध भारतीय प्रवासी घोषित करती है, उसे तत्काल वापस लेना होगा। पांच दिसंबर, 2022 को 'जर्मन-भारतीय प्रवासन और गतिशीलता समझौते' पर संघीय विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। इस तरह के समझौते का दबाव मनमोहन सिंह के कालखंड में भी डाला गया था, जिसे तब टाल दिया गया। वर्तमान में दो लाख 60 हज़ार से अधिक भारतीय नागरिक जर्मनी में रह रहे हैं, जिनमें से अधिकांश के पास नियमित निवास परमिट है। इसके अलावा, 34,000 भारतीय जर्मनी में अध्ययन कर रहे हैं, जो विदेशी छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा समूह है। इस समय 5,000 से अधिक भारतीय नागरिक जर्मनी में अवैध रूप से रह रहे हैं। ट्रंप प्रशासन की हालिया कार्रवाई देखकर, उनकी सांसें थमी हुई हैं। संधि के मुताबिक, भारत सरकार किसी भी सूरत में इनकी मदद नहीं करने वाली, यह तो स्पष्ट है!

जीवन मंत्र

# घर के मुखिया की 5 आदतें परिवार को कर देती हैं बर्बाद

घर के बड़े अक्सर ये गलती कर बैठते हैं कि वो ढेर सारे नियम-कानून तो जरूर बना देते हैं, लेकिन वो नियम कानून-सिर्फ घर के छोटों तक ही सीमित रह जाते हैं। वो कभी खुद ऐसे नियमों का पालन नहीं करते।

एक परिवार में उसके मुखिया की भूमिका बहुत अधिक महत्व रखती है। घर का मुखिया महज उम्र ज्यादा होने की वजह से मुखिया नहीं होता, बल्कि उसके अनुभव, परिवार को साथ जोड़े रखने और सभी को सही दिशा दिखाने की काबिलियत ही उसे परिवार में मान-सम्मान का भागीदार बनाती है। यदि घर का मुखिया ही अच्छे आचरण वाला ना हो तो पूरे परिवार की बर्बादी होना तय है। महान दार्शनिक और कूटनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में अच्छे मुखिया के गुणों पर भी विस्तृत चर्चा की है। आचार्य के अनुसार कुछ ऐसे लक्षण है जो यदि घर के मुखिया में पाए जाते हैं, तो उस घर का बर्बाद होना तय है। ऐसे परिवार में ना कभी कोई खुश रह पाता है, साथ ही ऐसा घर आर्थिक संकटों से भी घिरा रहता है। तो आइए जानते हैं ऐसे क्या लक्षण हैं जो आचार्य के मुताबिक घर के मुखिया में नहीं होने चाहिए। घर के बड़े अक्सर ये गलती कर बैठते हैं कि वो ढेर सारे नियम-कानून तो जरूर बना देते हैं, लेकिन वो नियम कानून-सिर्फ घर के छोटों तक ही सीमित रह




जाते हैं। वो कभी खुद ऐसे नियमों का पालन नहीं करते। जबकि बच्चे अक्सर बड़ों को देखकर ही सीखते हैं। यदि आप गलत व्यवहार कर रहे हैं तो उसका असर घर के छोटों पर भी पड़ता है। आचार्य चाणक्य का मानना है कि घर के मुखिया को पहले खुद नियमों का पालन करना चाहिए ताकि वो औरों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें।

आचार्य चाणक्य के अनुसार घर के मुखिया को पैसों का सही मैनेजमेंट करना जरूर आना चाहिए। उसे घर की जरूरतों के हिसाब से पैसा खर्च करना चाहिए और आने वाले किसी बुरे समय को ध्यान में रखते हुए पैसों की बचत का भी ध्यान रखना चाहिए। जिस घर में मुखिया ही बिना सोचे समझे पैसे उड़ाता हो, ऐसे घर में कभी भी बरकत नहीं होती और पैसों की किल्लत हमेशा बनी रहती है। आचार्य चाणक्य के अनुसार घर के मुखिया को परिवार के सदस्यों में भेदभाव बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

एक मुखिया के तौर पर आपकी जिम्मेदारी बनती है कि सभी को सुनें और सभी के हित में निष्पक्ष फैसला लें। वहीं किसी वजह से अगर परिवार के दो सदस्यों में मतभेद भी हो जाता है तो मुखिया का फर्ज बनता है कि वो दोनों को सुनें और सही फैसला ले। किसी एक का पक्ष लेना घर के सदस्यों में मनभेद पैदा कर सकता है जो अंत में परिवार की बर्बादी का कारण बनता है।

शख्सियत — सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

# छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक



सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (21 फरवरी, 1899 - 15 अक्टूबर, 1961 ) हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाते हैं। वे जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा के साथ हिन्दी साहित्य में छायावाद के प्रमुख स्तंभ माने जाते हैं। उन्होंने कई कहानियां, उपन्यास और निबंध भी लिखे हैं, किन्तु उनकी ख्याति विशेषरुप से कविता के कारण ही है।

निराला की शिक्षा हाई स्कूल तक हुई। बाद में हिन्दी संस्कृत और बाडला का स्वतंत्र अध्ययन किया। पिता की छोटी-सी नौकरी की असुविधाओं और मान-अपमान का परिचय निराला को आरम्भ में ही प्राप्त हुआ। उन्होंने दलित-शोषित किसान के साथ हमदर्दी का संस्कार अपने अबोध मन से ही अर्जित किया। तीन वर्ष की अवस्था में माता का और बीस वर्ष का होते-होते पिता का देहांत हो गया। अपने बच्चों के अलावा संयुक्त परिवार का भी बोझ निराला पर पड़ा। पहले महायुद्ध के बाद जो महामारी फैली उसमें न सिर्फ पत्नी मनोहरा देवी का, बल्कि चाचा, भाई और भाभी का भी देहांत हो गया। 1918 में स्पेनिश फ्लू इन्फ्लूएंजा के प्रकोप में निराला ने अपनी पत्नी और बेटी सहित अपने परिवार के आधे लोगों को खो दिया। शेष कुनबे का बोझ उठाने में महिषादल की नौकरी अपर्याप्त थी। इसके बाद का उनका सारा जीवन आर्थिक-संघर्ष में बीता। निराला के जीवन की सबसे विशेष बात यह है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने सिद्धांत त्यागकर समझौते का रास्ता नहीं अपनाया, संघर्ष का साहस नहीं गंवाया। जीवन का उत्तरार्द्ध इलाहाबाद में बीता। वहीं दारागंज मुहल्ले में स्थित रायसाहब की विशाल कोठी के ठीक पीछे बने एक कमरे में 15 अक्टूबर 1961 को उन्होंने अपनी इहलीला समाप्त की। मनुष्य के अज्ञान की मार मनुष्य ही तो सहते हैं।

'क्या किसी जात का आदमी तरक्की करके दूसरी जात में नहीं जा सकता? युवती की इतनी पवित्र चितवन।' स्पर्द्धा की एक ही सृष्टि, अपनी ही विद्युत से चमकती हुई चिर-सौन्दर्य के आकाश-तत्व में छिप गई है। मुख पर शंका, सन्देह, नफरत आदि भाव बादलों-से, पहाड़ी दृश्य की तरह, बदल रहे थे। मुक्त जीवन-प्रसंग का प्रांगण छोड़ प्रेम की सीमित, पर दृढ़ बांहों में सुरक्षित, बंध रहना उसने पसंद किया।

जीवन ऊर्जा

विस्टन ह्यूग ऑडेन: जन्म -21 फरवरी, 1907 — जन्म

विस्टन ह्यूग ऑडेन, जिन्हें डब्ल्यू. एच. ऑडेन के नाम से जाना जाता है, एक ब्रिटिश-अमेरिकी कवि थे, जिनका जन्म 21 फरवरी, 1907 को हुआ था। उनकी कविता में प्रेम, राजनीति और नैतिकता के विषयों की खोज की गई थी। ऑडेन की कृतियों में 'द एज ऑफ एंग्ज़ाइटी' और 'फ्यूनरल ब्लूज़' शामिल हैं। उन्हें 20वीं सदी के महानतम कवियों में से एक माना जाता है। ऑडेन की 1973 में मृत्यु हो गई।

# एक दूसरे से प्यार करो या नष्ट हो जाओ

हम सभी यहां पृथ्वी पर दूसरों की मदद करने के लिए हैं; बाकी लोग यहां किसलिए हैं, मैं नहीं जानता। एक दूसरे से प्यार करो या नष्ट हो जाओ। बुराई अलौकिक और हमेशा मानवीय होती है और हमारा बिस्तर साझा करती है और हमारी ही मेज पर खाना खाती है। आप जिस चीज़ में अच्छे हैं, उसे जारी रखना हम सभी का कर्तव्य है। किसी भी अन्य चीज़ से पहले, एक कवि वह व्यक्ति होता है जो भाषा से अत्यधिक प्रेम करता है। हमें एक दूसरे से प्यार करना चाहिए या मर जाना चाहिए। एक बुद्धिमान व्यक्ति



में दिनचर्या, महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। उस आदमी के लिए जो, मुझे यह कहते हुए खेद है, जीवन का एक उत्सुक पर्यवेक्षक है। 'बौद्धिक' शब्द तुरंत एक ऐसे व्यक्ति का सुझाव देता है जो अपनी पत्नी के प्रति असत्य है। यदि आप स्पष्ट रूप से सोचना, ध्यान से सुनना, सच्चा महसूस करना और गहराई से प्यार करना नहीं सीखते हैं तो आप सही और गलत में अंतर नहीं कर सकते। कुछ लेखक प्रामाणिकता को, जिस पर उनका हमेशा लक्ष्य रहना चाहिए, मौलिकता के साथ भ्रमित कर देते हैं, जिसके बारे में उन्हें कभी चिंता नहीं करनी चाहिए। खुशी के समय में, हम सभी चाहते थे कि हमारे पास एक ऐसी पूंछ हो जिसे हम हिला सकें।

हज़ारों लोग प्रेम के बिना जीवित रहे हैं, पानी के बिना एक भी नहीं। अगर मैं आपको बता सकूं कि इसका क्या मतलब है, तो इसे नाचने का कोई मतलब नहीं होगा।

हम सभी यहां पृथ्वी पर दूसरों की मदद करने के लिए हैं; मैं नहीं जानता कि बाकी लोग यहां किसके लिए हैं। कुछ भी असंभव नहीं है; ऐसे रास्ते हैं जो हर चीज़ की ओर ले जाते हैं और यदि हमारे पास पर्याप्त इच्छाशक्ति है, तो हमारे पास हमेशा पर्याप्त साधन होने चाहिए। यह अक्सर केवल एक बहाने के लिए होता है कि हम कहते हैं कि चीजें असंभव हैं। कौन अपने आप को भूला हुआ महसूस कर सकता है?

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जरासंध की कहानी

महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत ग्रंथ में अनेक महारथी व बलशाली राजाओं का वर्णन है। ऐसा ही एक महारथी राजा था जरासंध। उसके जन्म व मृत्यु की कथा भी बहुत ही रोचक है। जरासंध मगध वर्तमान बिहार का राजा था। वह अन्य राजाओं को



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक। मो. नं. 9425980556

हराकर अपने पहाड़ी किले में बंदी बना लेता था। जरासंध बहुत ही क्रूर था। वह बंदी राजाओं का वध कर चक्रवर्ती राजा बनना चाहता था। भीम ने 13 दिन तक कुश्ती लड़ने के बाद जरासंध को पराजित कर उसका वध किया था। जरासंध मथुरा के राजा कंस का ससुर एवं परम मित्र था। उसकी दोनों पुत्रियों आसित व प्रापित का विवाह कंस से हुआ था। श्रीकृष्ण से कंस वध का प्रतिशोध लेने के लिए उसने 17 बार मथुरा पर चढ़ाई की। लेकिन हर बार उसे असफल होना पड़ा। जरासंध के भय से अनेक राजा अपने राज्य छोड़ कर भाग गए थे। शिशुपाल जरासंध का सेनापति था।

जरासंध भगवान शंकर का परम भक्त था। उसने अपने पराक्रम से 86 राजाओं को बंदी बना लिया था। बंदी राजाओं को उसने पहाड़ी किले में कैद कर लिया था। जरासंध 100 को बंदी



बनाकर उनकी बलि देना चाहता था, जिससे कि वह चक्रवर्ती सम्राट बन सके। मगध देश में बृहद्रथ नाम के राजा थे उनकी दो पत्नियां थीं, लेकिन उन्हें कोई संतान नहीं थी एक दिन संतान की चाह में राजा बृहद्रथ महात्मा चण्ड कौशिक के पास गए और सेवा कर उन्हें संतुष्ट किया। प्रसन्न होकर महात्मा चण्डकौशिक ने उन्हें एक फल दिया और कहा कि ये फल अपनी पत्नी को खिला देना। इससे तुम्हें संतान की प्राप्ति होगी। राजा बृहद्रथ की दो पत्नियां थीं। राजा ने वह फल काटकर अपनी दोनों पत्नियों को खिला दिया। समय आने पर दोनों रानियों के गर्भ से शिशु के शरीर का एक-एक टुकड़ा पैदा हुआ। रानियों ने घबराकर शिशु के दोनों जीवित टुकड़ों को बाहर फेंक दिया। उसी समय वहां से एक राक्षसी गुजरी उसका नाम जरा था।

जब उसने जीवित शिशु के दो टुकड़ों को देखा तो अपनी माया से उन दोनों टुकड़ों को जोड़ दिया और वह शिशु एक हो गया एक शरीर होते ही वह शिशु जोर-जोर से रोने लगा।

बालक की रोने की आवाज सुनकर दोनों रानियां बाहर निकली और उन्होंने उस बालक को गोद में ले लिया। राजा बृहद्रथ भी वहां आ गए और उन्होंने उस राक्षसी से उसका परिचय पूछा। राक्षसी ने राजा को सारी बात सचसच बता दी। राजा बहुत खुश हुए और उन्होंने उस बालक का नाम जरासंध रख दिया, क्योंकि उसे जरा नाम की राक्षसी ने संधित जोड़ा किया था। जरासंध का वध करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने योजना बनाई योजना के अनुसार श्रीकृष्ण भीम व अर्जुन ब्राह्मण का वेष बनाकर जरासंध के पास गए और उसे कुश्ती के लिए ललकारा। जरासंध समझ गया कि ये ब्राह्मण नहीं है। जरासंध के कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना वास्तविक परिचय दिया। जरासंध ने भीम से कुश्ती लड़ने का निश्चय किया। राजा जरासंध और भीम का युद्ध कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से 13 दिन तक लगातार चलता रहा । जरासंध का वध करवा भगवान श्रीकृष्ण ने उसकी कैद में जितने भी राजा थे। सबको आजाद कर दिया और कहा कि धर्मराज युधिष्ठिर चक्रवर्ती पद प्राप्त करने के लिए राजसूय यज्ञ करना चाहते हैं। आप लोग उनकी सहायता कीजिएराजाओं ने श्रीकृष्ण का यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और धर्मराज युधिष्ठिर को अपना राजा मान लियाभगवान श्रीकृष्ण ने जरासंध के पुत्र सहदेव को अभयदान देकर मगध का राजा बना दिया।

अपने विचार

वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है।



**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तर प्रदेश

यूपी का यह बजट एक बड़ा घोटाला है। अगर यही विकास है तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए और इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं।



**-शिवपाल यादव,** नेता, सपा

दोनों ने 35 सालों तक बिहार में राज किया और बिहार को बर्बाद कर दिया।पिछले 35 सालों से नेताओं ने सामाजिक न्याय के नाम पर बिहार की जनता को लूटने का काम किया है।



**-प्रशांत किशोर ,** संयोजक,जन सुराज

दिल्ली को अपनी चौथी महिला मुख्यमंत्री मिली है, यह दिल्ली की महिलाओं के लिए खुशी की बात है। मैं उम्मीद करती हूं कि जो वादे भाजपा ने महिलाओं से किए हैं उसे रेखा गुप्ता जी बखूबी निभाएंगी।'



**-आतिशी,** पूर्व सीएम, दिल्ली

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# काल्हेर ग्रामपंचायत में मूक पशुओं की सुरक्षा पर विशेष बैठक

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के बावजूद भिवंडी मनपा द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। शहर में ऐसे मामलों के चलते कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इसी को देखते हुए भिवंडी तालुका के काल्हेर ग्रामपंचायत कार्यालय में पशु प्रेमी श्वेता गुप्ता द्वारा सोमवार को जानवरों की सुरक्षा और रेबीज संक्रमित कुत्तों के संबंध में विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीपीसीए एनिमल हॉस्पिटल की विश्वस्त शकुंतला मैडम, इंद्रनील सर, और काल्हेर ग्रामपंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रमेश राठोड़ उपस्थित थे।

## रेबीज संक्रमित कुत्तों को मारना समाधान नहीं: श्वेता गुप्ता



### रेबीज मुक्त क्षेत्र और नसबंदी केंद्र की आवश्यकता

बैठक में काल्हेर और कशेली को रेबीज मुक्त करने और कुत्तों की नसबंदी पर भी चर्चा हुई। इसके लिए सरकारी मंजूरी और एक नसबंदी केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। श्वेता गुप्ता ने स्पष्ट किया कि रेबीज संक्रमित कुत्तों को मारना समाधान नहीं है, बल्कि उनका उचित इलाज और देखभाल जरूरी है।

### बैठक में प्रमुख विषय

बैठक का मुख्य उद्देश्य रेबीज संक्रमित कुत्तों को आइसोलेट कर उनके लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था करना था। चर्चा के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि रेबीज कुत्तों का काटना इंसानों और अन्य जानवरों के लिए घातक हो सकता है, इसलिए इन्हें अलग रखना आवश्यक है। ग्राम विकास अधिकारी रमेश राठोड़ ने काल्हेर ग्रामपंचायत अंतर्गत एक छोटी जमीन देने का आश्वासन दिया, जहां संदिग्ध रेबीज संक्रमित कुत्तों को आइसोलेट किया जाएगा। पशु चिकित्सक उनकी जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वे वास्तव में रेबीज से संक्रमित हैं या नहीं।

# महाराष्ट्र की बिजली जरूरतें जर्मनी से अधिक होंगी

**राज्य ऊर्जा परिवर्तन के लिए तैयार: आभा शुक्ला**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आर्थिक प्रगति के कारण वर्ष 2030 तक महाराष्ट्र की बिजली की मांग जर्मनी, स्पेन और इटली जैसे उन्नत यूरोपीय देशों से अधिक हो जाएगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में 3.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश से ऊर्जा परिवर्तन योजना तैयार की है। महाराष्ट्र भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार है, ऐसा दावा अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आभा शुक्ला ने किया। वह एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा आयोजित "कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार में बोल रही थीं। इस अवसर पर महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्रा और एडीबी के ऊर्जा निदेशक डॉ. सुजाता गुप्ता उपस्थित थे।

## 81,000 मेगावाट होगी बिजली उत्पादन क्षमता



आभा शुक्ला ने बताया कि महाराष्ट्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अगले पांच वर्षों में आर्थिक विकास को गति दी जाएगी, जिससे बिजली की मांग तेजी से बढ़ेगी। राज्य की मौजूदा 42,000 मेगावाट की क्षमता को 2030 तक बढ़ाकर 81,000 मेगावाट किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बिजली की लागत भी कम होगी। मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत सभी कृषि पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के तहत 16,000 मेगावाट सौर ऊर्जा जोड़ी जाएगी। साथ ही, सौर और पवन ऊर्जा के जरिए 36,000 मेगावाट उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाएगी, जबकि पारंपरिक स्रोतों से अधिशेष बिजली प्राप्त की जाएगी। महावितरण के प्रमुख लोकेश चंद्रा ने इसे "गेम-चेंजर" योजना बताया और कहा कि 2026 तक राज्य के सभी कृषि पंप सौर ऊर्जा से संचालित होंगे, जिससे महाराष्ट्र कृषि क्षेत्र के लिए 100% सौर ऊर्जा अपनाने वाला पहला राज्य बन जाएगा। एडीबी की ऊर्जा निदेशक डॉ. सुजाता गुप्ता ने कहा कि महाराष्ट्र में कृषि क्षेत्र के लिए दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना लागू की जा रही है, जिससे बिजली की कीमतों में भी कमी आएगी। एडीबी इस योजना के कार्यान्वयन में महावितरण को सहयोग प्रदान कर रहा है।

# गैर-उपनगरीय खंड पर अनारक्षित टिकटों की अग्रिम बुकिंग सुविधा

## यात्रियों को तीन दिन पहले टिकट बुक करने की सुविधा मिलेगी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गैर-उपनगरीय खंड पर 200 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए अनारक्षित टिकटों की अग्रिम बुकिंग की सुविधा शुरू की है। अब यात्री यात्रा के दिन को छोड़कर तीन दिन पहले ही अपना अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह सुविधा सभी अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर उपलब्ध है।

### भीड़ कम करने की पहल

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, यह पहल विशेष रूप से त्योहारों और छुट्टियों के दौरान टिकट काउंटरों पर भीड़ को कम करने के लिए शुरू की गई है। होली, दिवाली, गर्मी-सर्दियों की छुट्टियों और क्रिसमस के दौरान यात्रियों को अनारक्षित टिकट के लिए लंबी कतारों से राहत मिलेगी।



### यात्रियों के लिए लाभदायक सुविधा

पश्चिम रेलवे ने बताया कि कई यात्री अभी भी इस सुविधा से अनजान हैं, इसलिए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह सुविधा लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगी, जिससे वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकेंगे और एडवांस में टिकट खरीदकर परेशानी से बच सकेंगे।

# पश्चिम रेलवे ने 9 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से नवाजा

**सुरक्षित ट्रेन संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने सुरक्षित ट्रेन संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 09 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें जनवरी 2025 के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता और अप्रिय घटनाओं को रोकने में दिए गए योगदान के लिए प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में प्रदान किया गया। इन 09 कर्मचारियों में वडोदरा मंडल से 03, अहमदाबाद एवं रतलाम मंडल से 02-02, जबकि मुंबई सेंट्रल एवं राजकोट मंडल से 01-01 कर्मचारी शामिल हैं।



### रेलवे संरक्षा में अहम योगदान


पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने इन कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी रेलवे कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। सम्मानित कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया, जिनमें रेल एवं ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, आपातकालीन ब्रेक लगाकर अप्रिय घटनाओं को रोकना, मानव जीवन बचाना, कोच में धुआं बुझाना, ब्रेक बाइंडिंग और लटकती वस्तुओं का समय पर पता लगाना शामिल है। पश्चिम रेलवे ने कहा कि इन कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद की, जिससे ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित हो सका।

# मध्य रेल ने हरित ऊर्जा अपनाकर 6005 करोड़ रुपये की बचत की

**ओपन एक्सेस पद्धति से बिजली लागत में आई कमी**

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

मध्य रेल ने भारतीय रेलवे में हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और बिजली खरीद लागत को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। ओपन एक्सेस विधि द्वारा सस्ती बिजली खरीदकर मध्य रेल ने 2015-16 से अब तक 6005.42 करोड़ रुपये की बचत की है। पहले भारतीय रेल अपनी बिजली आवश्यकताओं को राज्य बिजली बोर्ड या वितरण कंपनियों (DISCOMS) से ऊंची दरों पर पूरा करती थी। लेकिन, ओपन एक्सेस पद्धति के तहत बिजली एक्सचेंज, जनरेटर या द्विपक्षीय समझौतों के माध्यम से सस्ती बिजली खरीदने की अनुमति मिली, जिससे खर्च में उल्लेखनीय कमी आई।



### बचत और लाभ

मध्य रेल ने 2015-16 में 161.20 करोड़ रुपये की बचत से शुरुआत की, जो 2024-25 में बढ़कर 690.47 करोड़ रुपये हो गई। पहले 8.69 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा की दर से बिजली खरीदी जाती थी, जो ओपन एक्सेस से सस्ती हुई। इस पद्धति से विभिन्न स्रोतों से बिजली खरीदकर लागत अनुकूलन और विश्वसनीयता बढ़ी। प्रतिस्पर्धी बाजार दरों पर बिजली खरीदने से अधिक बचत हुई और एकल स्रोत पर निर्भरता घटी।

### 2030 तक 'ग्रीन रेलवे' का लक्ष्य

भारतीय रेलवे 2030 तक "शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जक" बनने की दिशा में कार्यरत है। इस मिशन को पूरा करने में मध्य रेल की भूमिका महत्वपूर्ण है, जो सतत और हरित ऊर्जा समाधान अपनाने में अग्रणी बना हुआ है।

# भिवंडी मनपा में बालशास्त्री जांभेकर की जयंती मनाई गई

## मराठी पत्रकारिता के जनक को दी गई श्रद्धांजलि



डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

मराठी समाचार पत्र के जनक बालशास्त्री जांभेकर की जयंती के अवसर पर भिवंडी नगर निगम मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम की ओर से अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर सिटी इंजीनियर जमील पटेल, उपायुक्त रोहिदास दोरकुलकर, बालकृष्ण क्षीरसागर, शैलेश डोंडे, प्रणाली घोंगे, डॉ. अनुराधा बाबर सहित सभी सहायक आयुक्त, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालशास्त्री जांभेकर की जीवनी और मराठी पत्रकारिता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

# मध्य रेल का एसी लोकल में टिकट जांच अभियान

**81,709 यात्री पकड़े गए, 2.70 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल ने एसी लोकल ट्रेनों में अनियमित यात्रा रोकने के लिए सख्त टिकट जांच अभियान चलाया, जिसमें 81,709 यात्रियों को बिना उचित टिकट यात्रा करते पकड़ा गया और 2.70 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। मुंबई का सबअर्बन रेलवे सिस्टम दुनिया की अनूठी परिवहन प्रणालियों में से एक है, जिसे शहर की जीवन रेखा माना जाता है। मध्य रेल प्रतिदिन 1810 सेवाओं के माध्यम से लगभग 3.9 मिलियन यात्रियों को सफर कराता है, जिसमें 66 एसी लोकल ट्रेनें शामिल हैं।

## टिकट जांच अभियान में बड़ी सफलता



वित्त वर्ष 2024-25 (जनवरी 2025 तक) के दौरान, मध्य रेल के मुंबई मंडल ने एसी लोकल में अनियमित यात्रा करने वाले 81,709 यात्रियों से 2.70 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में 35,885 यात्रियों से वसूले गए 1.19 करोड़ रुपये की तुलना में 127% अधिक है। जनवरी 2025 में 8,535 मामलों में 27.82 लाख रुपये, दिसंबर 2024 में 9,134 मामलों में 29.56 लाख रुपये, नवंबर 2024 में 9,698 मामलों में 31.84 लाख रुपये और अक्टूबर 2024 में 11,532 मामलों में 37.45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### अनियमित यात्रा रोकने के लिए नई पहल

मध्य रेल ने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और अनियमित यात्रा पर लगाम लगाने के लिए कई पहल शुरू की हैं। एसी टास्क फोर्स की विशेष टीम को तैनात किया गया है। व्हाट्सएप शिकायत नंबर 7208819987 (सिर्फ मैसेज के लिए) जारी किया गया है। विशेष निगरानी दल द्वारा अनियमित यात्राओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश शुभ रहेगा। लंबी यात्रा का मन बनेगा।

**वृष:** प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। क्रोध व उत्तेजना से बाधा उत्पन्न होगी। नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों के काम में दखल न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क:** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह:** देव-दर्शन का कार्यक्रम बनेगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। प्रभावशालीव व्यक्तियों से परिचय बढ़ेगा।

**कन्या:** किसी अपरिचित की बातों में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में अधिक प्रयास करना पड़ेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी झगड़े में न पड़ें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**तुला:** भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। बनते काम बिगड़ सकते हैं, धैर्य रखें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। किसी के उकसावे में न आएं।

**वृश्चिक:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास बना रहेगा। नौकरी व व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे।


**धनु:** सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा की योजना बनेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**कुंभ:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। व्यस्तता के चलते थकान महसूस होगी। विवेक से कार्य करें।

**मीन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। नई योजना बनेगी। व्यवसाय में वृद्धि के लिए सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# जन्मकुंडली में प्रथम भाव – स्वयं को जानने का मार्ग




मान-सम्मान: प्रथम भाव मनुष्य के मान-सम्मान, सुख और यश को भी दर्शाता है। यदि लग्न, लग्न भाव का स्वामी, चंद्रमा, सूर्य, दशम भाव और इनके स्वामी बलवान अवस्था में हों, तो व्यक्ति को जीवन में मान-सम्मान प्राप्त होता है।

"उत्तर-कालामृत" के अनुसार, "प्रथम भाव मुख्य रूप से मनुष्य के शरीर के अंग, स्वास्थ्य, प्रसन्नता, प्रसिद्धि समेत 33 विषयों का कारक होता है।"

प्रथम भाव को मुख्य रूप से स्वयं का भाव कहा जाता है। यह मनुष्य के शरीर और शारीरिक संरचना का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे चेहरे की बनावट, नाक-नक्शा, सिर और मस्तिष्क आदि को प्रकट करता है। काल पुरुष कुंडली में प्रथम भाव मेष राशि को दर्शाता है, जिसका स्वामी ग्रह मंगल है।

कुंडली में प्रथम भाव अच्छे और बुरे परिणाम, बाल्यकाल में आने वाली समस्याएँ, हर्ष व दुःख और देश या विदेश में निवेश की संभावनाओं को प्रकट करता है।



प्रियंका जैन
9769994439

नाम, प्रसिद्धि और सामाजिक प्रतिष्ठा का विचार भी लग्न से किया जा सकता है। उच्च शिक्षा, लंबी यात्राएँ, पढ़ाई के दौरान छात्रावास में जीवन, बच्चों के अनजान और विदेशी लोगों से संपर्कों (विशेषकर पहली संतान के) का बोध भी लग्न से किया जाता है।

'प्रसन्नज्ञान' में भट्टोत्पल कहते हैं कि जन्म, स्वास्थ्य, हर्ष, गुण, रोग, रंग, आयु और दीर्घायु का विचार प्रथम भाव से किया जाता है।

प्रथम भाव से मानसिक शांति, स्वभाव, शोक, कार्य की ओर झुकाव, दूसरों का अपमान करने की प्रवृत्ति, सीधा दृष्टिकोण, संन्यास, पांच इंद्रियां, स्वप्न, निंद्रा, ज्ञान, दूसरों के धन को लेकर नजरिया, वृद्धावस्था, पूर्वजन्म, नैतिकता, राजनीति, त्वचा, शांति, लालसा, अत्याचार, अहंकार, असंतोष, मवेशी और शिष्टाचार आदि का बोध होता है।

मेदिनी ज्योतिष में लग्न से पूरे देश का विचार किया जाता है, जो कि राज्य, लोगों और स्थानीयता को दर्शाता है।

प्रश्न ज्योतिष में प्रथम भाव प्रश्न पूछने वाले को दर्शाता है।

प्रथम भाव का अन्य भावों से अंतर्संबंध

प्रथम भाव अन्य भावों से भी अंतर्संबंध बनाता है। यह पारिवारिक धन की हानि को भी दर्शाता है। यदि आप विरासत में मिली संपत्ति को स्वयं के उपभोग के लिए इस्तेमाल करते हैं, अतः यह संकेत करता है कि आप अपने धन की हानि कर रहे हैं।

इससे आपके स्वास्थ्य के बारे में भी पता चलता है, अतः आप विरासत में मिले धन को इलाज पर भी खर्च कर सकते हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### नालंदा जिला को दी 820 करोड़ रुपये की सौगात



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के नानन्द गांव स्थित बने कार्यक्रम स्थल से नालंदा जिले के लिए 820.72 करोड़ रुपये की कुल 263 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 361.66 करोड़ रुपये की 177 योजनाओं का उद्घाटन और 459.05 करोड़ रुपये की 86 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिलाव प्रखंड के नानन्द ग्राम में जल-जीवन-हरियाली अभियान योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत अच्छा बना है।

### बिहार से गायब हो गये 200 से अधिक ट्रक

**मुजफ्फरपुर।** देश के सबसे बड़े चोरों के गैंग ने बिहार की सड़कों से होकर गुजरने वाले 200 से ज्यादा ट्रकों को गायब कर दिया। इस मामले को सुलझाने के लिए तिरहुत रेंज के डीआईजी ने चार जिलों के एएसपी-एसपी के साथ बैठक कर एसआईटी का गठन किया है। साथ ही जल्द से जल्द इस मामले को सॉल्व करने का निर्देश दिया है। बता दें कि ट्रक गायब होने के इस मामले में साल 2022 में छत्तीसगढ़ पुलिस ने बड़ा खुलासा किया था।

बिहार की सड़कों से जब ट्रक गायब होने लगे तो पुलिस भी अचरज में पड़ गई। मुजफ्फरपुर के सदर थाना, कुड़नी थाना, मनियारी थाना, सरया थाना में 80 से अधिक केस दर्ज कराए गए हैं। सीतामढ़ी और वैशाली में भी इसको लेकर केस दर्ज किए गए हैं। ट्रक गायब होने के मामलों की जैसे झड़ी लग गई। इसी बीच साल 2022 में छत्तीसगढ़ पुलिस को केस को लेकर एक बड़ा लिंक मिला।

### गौमांस के साथ एक गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त स्कूटर जब्त

**हरिद्वार।** गौकशी पर रोक लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रूड़की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक आरोपित को गौमांस ले जाते गिरफ्तार किया है, जबकि एक महिला फरार होने में कामयाब रही। जानकारी के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर रूड़की कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम जौरासी में गौकशी की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से एक आरोपित सुलेमान पुत्र सिकन्दर को 50 किलोग्राम गौमांस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त आरोपित की स्कूटी भी जब्त कर ली, जबकि एक महिला मौका पाकर फरार होने में कामयाब रही। पुलिस फरार आरोपिता की तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

एक्सप्रेसवे से लेकर स्मार्ट सिटी तक का तोहफा

# यूपी बजट में तोहफे ही तोहफे



- 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का बजट पेश
- पात्र छात्राओं को स्कूटी व युवाओं को बिना ब्याज ऋण और 92 हजार नौकरी का वादा



एजेंसी । लखनऊ

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश को बढ़ावा

प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

#### शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निवेश

योगी सरकार ने 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं.

#### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा

उत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है।

#### विज्ञान और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन

सरकार ने प्रदेश में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्र शालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है। छात्रों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

#### स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएं, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी

#### श्रमिकों के लिए नई योजनाएं

वित्त मंत्री ने बताया कि जिला मुख्यालयों में कामगार/श्रमिक अड्डे बनाए जाएंगे। इनमें कैंटीन, पीने का पानी, स्नानागार और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योजना श्रमिकों के रोजगार और जीवन स्तर सुधारने में मददगार साबित होगी।

#### 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य

वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने 2 अक्टूबर 2024 से 'जीरो पॉवर्टी अभियान' शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन परिवारों की वार्षिक आय को 1,25,000 रुपये तक लाया जाए और उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जाए।

#### यूपी बनेगा राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का यह बजट राज्य के विकास, तकनीकी उन्नति, शिक्षा सुधार, गरीबों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

राजनीतिक बयानबाजी

### गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है यूपी का बजट : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करते हुए 'वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है।' उन्होंने कहा कि 2025 का बहुत महत्व है, जो भारतीय संविधान के कार्यान्वयन और जनवरी, 1950 में उत्तर प्रदेश की स्थापना के अमृत महोत्सव दोनों को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा, शानदार 75 साल की यात्रा के साथ, यह एक महत्वपूर्ण बजट है जो राज्य के भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है और अगले 25 वर्षों की योजनाओं का आधार तैयार करता है।

#### बजट को लेकर अखिलेश ने साधा निशाना



योगी सरकार ने इसे अब तक के इतिहास के सबसे बड़ा बजट बताया। हालांकि इसे लेकर अब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए कहा कि लोग कह रहे हैं कि प्रवचन तो आ गया लेकिन बजट कब आएगा? यह बजट खोखला है। इस बजट का झोला खाली है। जुमला मंत्रालय को कितना मिला? योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को बजट जारी किया। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश हर साल सबसे बड़ा बजट का दावा करती है। हालांकि हर साल का बजट पिछले से अधिक होता है। शायरना अंदाज में अखिलेश ने आगे कहा कि ये बजट नहीं बड़ा ढोल है जिसमें आवाज तो बहुत है पर अंदर से खाली है। ये बजट खोखला है, इस बजट का झोला खाली है।

## 'तीन सप्ताह के अंदर भूमि से अवैध कब्जा हटाया जाए'

- पटना हाईकोर्ट का डीएम को आदेश




**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाए जाने के मामले पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई की। जस्टिस राजेश वर्मा ने सुनवाई करते हुए भागलपुर के जिलाधिकारी को भूमि से अवैध कब्जा तीन सप्ताह में हटाने का आदेश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 20 मार्च 2025 को की जाएगी। अधिवक्ता दीपक कुमार सिन्हा ने कोर्ट को बताया था कि याचिकाकर्ता के रैयती खरीदी गयी भूमि को निजी विपक्षी को नियमों के विरुद्ध अंचलाधिकारी ने पर्चा वितरित कर दिया। जब याचिकाकर्ता ने ये मामला भागलपुर कलेक्टर के समक्ष रखा गया। उन्होंने पर्चा रद्द कर दिया। इसके बावजूद पर्चाधारी का 2008 से अब तक कब्जा बना हुआ है।

## धामी सरकार का बजट सदन में पेश

- बजट में कृषि, ऊर्जा, और पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया गया

**देहरादून।** उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। यह बजट 1,01,175 करोड़ का है। इस बजट में कृषि, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, आयुष, कृषि और पर्यटन जैसे सात मुख्य क्षेत्रों पर ज़ोर दिया गया है। सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने उत्तराखंड के निर्माण में योगदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को याद करते हुए कहा कि राज्य सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के रास्ते पर चल रहा है।



#### आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं शुरू होंगी

कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं शुरू की जाएंगी। ऊर्जा क्षेत्र में बिजली उत्पादन बढ़ाने और सभी को बिजली पहुँचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से सड़क, पुल और अन्य ज़रूरी सुविधाएं बेहतर होंगी।

#### वित्त मंत्री ने 1,01,175 करोड़ का बजट पेश किया

उन्होंने आगे कहा कि यह बजट राज्य की आर्थिक दिशा और नीतियों को दर्शाता है। यह बजट 1,01,175 करोड़ का है, जो पिछले बजट से काफ़ी ज्यादा है। इस बढ़ोतरी से राज्य में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। सरकार ने 7 प्रमुख क्षेत्रों को चिन्हित किया है जिन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें कृषि, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, आयुष, कृषि और पर्यटन शामिल हैं।




## शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद

- सेंसेक्स 203 अंक फिसला, निफ्टी में भी मामूली गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका के शुल्क लगाने पर अनिश्चितता के बीच शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 203.22 अंक यानी 0.27 फीसदी टूटकर 75,735.96 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.75 अंक यानी 0.086 फीसदी गिरकर 22,913.15 के स्तर पर आ गया।



#### निवेशकों की धारणा पर असर

कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स के 30 में से 15 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 15 शेयरों में तेजी दर्ज हुई। निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 गिरावट के साथ और 28 बढ़त के साथ बंद हुए।

#### किन शेयरों में रही गिरावट और तेजी?

गिरने वाले प्रमुख शेयरों में एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल रहे। वहीं, एनटीपीसी, अडाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे।

#### वैश्विक बाजारों का मिला-जुला असर

एशिया के प्रमुख बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार बढ़त में थे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को पूर्वोत्तर में बड़ी सफलता

- अरुणाचल प्रदेश उपभोक्ता शिकायत समाधान में अव्वल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश उपभोक्ता शिकायत निवारण में सबसे आगे रहा है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि अरुणाचल में उपभोक्ता जागरूकता और शिकायत समाधान में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है।



#### तेजी से बढ़ी शिकायतों की संख्या

2020 में केवल 318 शिकायतें दर्ज करने वाले अरुणाचल प्रदेश में 2024 तक यह संख्या बढ़कर 15,860 हो गई। मंत्रालय ने कहा कि एनसीएच की इस सफलता का श्रेय उपभोक्ता जागरूकता अभियानों और तकनीकी उपायों को जाता है, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा है।

#### पूरे पूर्वोत्तर में दिखा सुधार

पूर्वोत्तर राज्यों में उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली तक पहुंचने में पारंपरिक रूप से कई बाधाएं रही हैं, लेकिन एनसीएच के प्रयासों से 2020 में जहां 9,162 शिकायतें दर्ज हुई थीं।

#### डिजिटल भुगतान से जुड़ी अधिकतर शिकायतें

अरुणाचल प्रदेश में दर्ज शिकायतों का बड़ा हिस्सा ई-कॉमर्स, दूरसंचार सेवाएं, डिजिटल भुगतान और दोषपूर्ण उत्पादों व सेवाओं से जुड़ा रहा।

### कार्ड के जरिए गूगल-पे से पेमेंट पर लगेगा एक्स्ट्रा चार्ज

**मुंबई।** डिजिटल पेमेंट ऐप गूगल-पे से यूटिलिटी बिल पेमेंट करने पर अब एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा। यूजर्स को अब डेबिट-क्रेडिट कार्ड के जरिए गैस सिलेंडर बुकिंग, बिजली बिल भरने, DTH रिचार्ज, फास्टैग रिचार्ज जैसी सर्विस के लिए पेमेंट करने पर 0.5 से 1% प्लेटफॉर्म फीस देना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूजर को कन्वीनियंस फीस पर GST चार्ज भी देना होगा। इससे पहले 2023 में गूगल-पे ने मोबाइल रिचार्ज पर सर्विस चार्ज लेने का ऐलान किया था। अभी गूगल-पे से मोबाइल रिचार्ज करने पर यूजर्स को 3 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज देना होता है।

## पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋण दरों में 0.25% की कटौती

### आवास और वाहन लोन पर ब्याज दर घटी, नई दरें 10 फरवरी से लागू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने आवास एवं वाहन लोन सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दरों में 0.25% की कटौती करने की घोषणा की है। इस कटौती के बाद पीएनबी की विभिन्न योजनाओं के तहत आवास लोन की दर घटकर 8.15% हो गई है। बैंक की नई दरें 10 फरवरी से प्रभावी हो गई हैं। बैंक के अनुसार, संशोधित दरें आवास ऋण, कार लोन, शिक्षा एवं व्यक्तिगत ऋण सहित विभिन्न उत्पादों पर लागू होंगी। पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15% प्रति वर्ष से शुरू होती है, जिसमें मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख होगी। वहीं, मोटर वाहन लोन की ब्याज दर 8.50% प्रति वर्ष से शुरू होगी, जिसमें मासिक किस्त 1,240 रुपये प्रति लाख होगी।




#### प्रोसेसिंग शुल्क पर छूट

पीएनबी ने अपने ग्राहकों के लिए 31 मार्च 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क की पूरी छूट की पेशकश की है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रेपो रेट कटौती के अनुरूप अपने आवास एवं खुदरा ऋणों की ब्याज दर में 0.25% की कमी की थी।

न्यूज़ ब्रीफ

### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है, जिससे वह मार्च 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी है। नागेश्वरन ने 28 जनवरी 2022 को सीईए का पदभार संभाला था। इससे पहले वे एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं और 2019-2021 के दौरान प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अस्थायी सदस्य भी रहे हैं। सीईए का कार्यालय सरकार को विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सलाह देता है।

### दिल्ली में इंटरनेशनल लेदर एक्सपो शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो (डीआईएलईएक्स) का छठा संस्करण गुरुवार को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में शुरू हुआ। इस आयोजन में 52 देशों के विदेशी खरीदार शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव विमल आनंद ने इसे भारत की वैश्विक व्यापार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) द्वारा आयोजित यह एक्सपो 20 और 21 फरवरी तक चलेगा। भारत सरकार इस कार्यक्रम को बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना के तहत समर्थन दे रही है, जिससे भारत को वैश्विक चमड़ा और फुटवियर उद्योग में अपनी स्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष डीआईएलईएक्स में यूरोप और अमेरिका के प्रमुख बाजारों सहित 200 से अधिक विदेशी खरीदार शामिल हुए हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025





## कार्लोस पसीना बहा कर कतर ओपन के क्वार्टर में

एजेंसी | दोहा

शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल पहुंच गए हैं। उन्होंने बुधवार को लुका नारडी को कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। अल्काराज अब जिरी लेहेका से खेलेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनॉर ने बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथे वरीय दानिल मेदवेदेव ने जिजौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। अब वह मैटियो बेरेटिनी का सामना करेंगे। ड्रेपर ने टालोन ग्रिक्सपुर को जबकि बेरेटिनी ने नोवाक जोकोविच को हराया था।

## स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 49 भारतीय



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में 8 से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे। इन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन होगा जिनमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिनमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

## जयमीत-देसाई के दम पर गुजरात फाइनल के करीब

एजेंसी | अहमदाबाद



सलामी बल्लेबाज प्रियांक पंचाल की 148 रन की शानदार पारी के बाद जयमीत पटेल और सिद्धार्थ देसाई के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रन की अटूट साझेदारी से गुजरात तीसरी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश के करीब मजर आ रहा है। मेजबान टीम ने यहां केरल के पहली पारी में 457 रन के जवाब में गुरुवार को चौथे दिन सात विकेट पर 429 रन बना लिए थे। जयमीत ने धैर्य और संयम दिखाते हुए सिर्फ दो चौके से 161 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए। देसाई ने 11 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठा 134 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। अब अंतिम दिन गुजरात के तीन विकेट बचे हैं और वह पहली पारी में सिर्फ 28 रन से पीछे है। अब पहली पारी की बढ़त के आधार पर मैच का नतीजा तय होने की संभावना के साथ जयमीत और देसाई केरल के स्कोर के करीब पहुंचना चाहेंगे और अपनी टीम को 2016-17 के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाना चाहेंगे जब टीम ने पहला खिताब जीता था। गुजरात ने 1950-51 में भी रणजी फाइनल में प्रवेश किया था लेकिन टीम तब उपविजेता रही थी।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

# मुंबई की दूसरी पारी में खराब शुरुआत, विदर्भ का पलड़ा भारी

- गत चैंपियन मुंबई की टीम के सामने 406 रन का लक्ष्य
- चौथे दिन दूसरी पारी में तीन विकेट 83 रन पर गंवाए

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ अपना पलड़ा भारी रखा। गुरुवार को विदर्भ ने यहां 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई के दूसरी पारी में तीन विकेट 83 रन पर झटक कर अपनी स्थिति कुछ मजबूत कर ली।



### आनंद से उम्मीदें

42 बार की चैंपियन मुंबई को अभी 323 रन की और जरूरत है। हालांकि उसके लिए राहत की बात यह है कि पहली पारी में 106 रन बनाने वाले आकाश आनंद दिन का खेल खत्म होने पर 92 गेंद में एक चौके की मदद से 27 रन बनाकर खेल रहे थे। दूसरे छोर पर शिवम दुबे 12 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। ऐसे में टीम को आनंद से फिर शानदार पारी की उम्मीद होगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने आयुष म्हात्रे (18), सिद्धेश लाड (02) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) के विकेट जल्दी गंवा दिए जो स्पिनरों का शिकार बने। मुंबई की उम्मीदें अब सूर्यकुमार यादव, तनुष कोटियान और शम्स मुलानी पर टिकी हैं।

### राठौड़ की शतकीय पारी

इससे पहले विदर्भ ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 147 रन से की और यश राठौड़ (151 रन, 252 गेंद, 11 चौके) के शतक तथा अक्षय वाडकर (52 रन, 202 गेंद, पांच चौके) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 292 रन बनाए। पहली पारी में 113 रन की बढ़त हासिल करने वाले विदर्भ ने इस तरह मुंबई को 406 रन का लक्ष्य दिया। विदर्भ को उम्मीद है कि वह पिछले साल फाइनल में मुंबई से मिली हार का बदला ले लेगी।

बेंगलुरु ओपन

## धामने, रामकुमार, प्रज्वल को वाइल्ड कार्ड



एजेंसी | बेंगलुरु

भारत के 17 साल के मानस धामने, अनुभवी रामकुमार रामनाथन और एसडी प्रज्वल देव को बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 125 टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। 24 फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में कृष त्यागी और निकी पूनाचा मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। युगल स्पर्धा में 16 जोड़ियां भाग लेंगी। भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और चीनी ताइपे के रे हो मुख्य ड्रॉ में सर्वोच्च रैंकिंग वाली जोड़ी के रूप में प्रवेश करेंगे जबकि ब्लेक बेल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम हैं।

## भारतीय हॉकी टीम के सामने पेनाल्टी कॉर्नर भुनाने की चुनौती

एजेंसी | भुवनेश्वर

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेनाल्टी कॉर्नर पर लगातार नाकाम साबित हो रही है। अब शुक्रवार को वह एफआईएच प्रो लीग में आयरलैंड का सामना करेगी। इसमें उसके सामने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और पेनाल्टी कॉर्नर को भुनाने की चुनौती होगी। भारत ने टूर्नामेंट के चार मैचों में अब तक 14 पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए हैं लेकिन एक को भी गोल में नहीं बदल पाई।



### मिला-जुला प्रदर्शन

पेरिस ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक मिला-जुला रहा है। उसे पहले स्पेन से 1-3 हार का सामना करना पड़ा पर फिर उसने उसे अगले मैच में 2-0 से हरा दिया। इसी तरह जर्मनी से वह 1-4 से हार गई लेकिन अगले मैच में विश्व में चौथे नंबर की टीम को 1-0 से पराजित करने में सफल रही। उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और कप्तान हार्दिक सिंह ने चोट से उबरने के बाद वापसी की थी। हालांकि पांचवें नंबर की भारतीय टीम विश्व में दसवें नंबर की आयरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को प्रतिबद्ध है। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हर मैच में सुधार की गुंजाइश होती है। हम जानते हैं कि आयरलैंड हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा। भले ही उनकी टीम रैंकिंग में हमसे पीछे है लेकिन विरोधी टीम को हैरानी में डाल सकती है। इसलिए हम उन्हें कमजोर करके नहीं आंक सकते हैं।

## पंकज आडवाणी ने 14वां एशियाई चैंपियनशिप खिताब जीता

- 05 एशियाई स्नूकर खिताब अब तक जीत चुके हैं पंकज
- 09 एशियाई बिलियर्ड्स खिताब भी हैं आडवाणी के नाम



एजेंसी | दोहा

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया है।

### अमीर सरखोश को हराया

फाइनल में ईरान के अमीर सरखोश से मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और 4-1 से जीत दर्ज की। आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं। इसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैंपियनशिप खिताब जीतना शामिल है। बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे।

## मुंबई के खिलाफ मैच में हैट्रिक लगाने उतरेगा आरसीबी

- 02 मैच लगातार जीत कर चार अंक के साथ शीर्ष पर है बेंगलुरु



एजेंसी | बेंगलुरु

लगातार दो मैच में जीतने से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। इसमें वह विजय अभियान जारी रखकर जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और फिर दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम चार अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इसमें सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी।

मुंबई के मैदानों से

### सेमीफाइनल में इस्लाम जिमखाना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

इस्लाम जिमखाना ने मुस्लिम यूनाईटेड को 24 रनों से परास्त करके 75वें सालार जंग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इस्लाम जिमखाना टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट गवांकर 221 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। उसके इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अयाज खान के मात्र 32 गेंदों में 65 रनों की धुआंधार पारी ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके जवाब मुस्लिम यूनाईटेड के सभी बल्लेबाज 19.4 ओवर में 197 आउट हो गए।

## मैं मोटी चमड़ी की हूं : पेडनेकर

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पिछली बार फिल्म 'भक्षक' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। जल्द ही भूमि फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' में नजर आएंगी। आजकल वह अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटी हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने कहा कि वह लोगों की बातों से प्रभावित नहीं होतीं। नकारात्मकता उन पर हावी नहीं होती, क्योंकि वह बहुत मोटी चमड़ी वाली हैं।

### 'मैंने कभी एक जैसा किरदार नहीं निभाया'

इंटरव्यू में भूमि ने कई सवालों का जवाब दिया। उनसे पूछा गया कि लोग कहते हैं कि वह ज्यादातर फिल्मों में पत्नी की ही भूमिका में होती हैं तो इस पर भूमि बोलीं, 'दम लगाके हईशा, 'थैंक यू फॉर कमिंग', 'सांड की आंख', 'सोन चिड़िया', 'पति पत्नी और वो' या 'बधाई दो', आप मेरी कोई भी फिल्म देख लीजिए, हरेक में मेरा किरदार एक अलग महिला का होगा। किसी में भी मेरा किरदार एकजैसा नहीं था।' भूमि बोलीं, 'मैंने कभी एक ही तरह की महिला का किरदार नहीं निभाया। मैंने हमें एक अलग बोली अपनाई है। अपनी फिल्मों के लिए मेरी भाषा पर पकड़ और नियंत्रण बहुत अच्छा है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि मैं कभी एक तय खांचे में फिट रही हूं।

### भूमि को अपने काम पर गर्व

भूमि कहती हैं, 'मैं बहुत खुशनसीब हूं कि पिछले 10 सालों में मुझे अलग-अलग काम करने का अवसर मिला है। मुझे अपने काम पर बहुत गर्व है।' जब भूमि से पूछा गया कि एक कलाकार के रूप में जब उनकी पसंद पर सवाल उठाया जाता है तो उन्हें कैसा लगता है तो उन्होंने कहा, हर कलाकार और रचनात्मक व्यक्ति के साथ ऐसा होता है। खासतौर से लड़कियों की हर बात, हर फैसले या उनकी पसंद पर सवाल उठाए जाते हैं। बातचीत में भूमि कहती हैं, 'मैं जानती हूं कि महिलाएं हमेशा सवालों के कटघरे में रही हैं और रहती हैं, इसलिए मैं बहुत मोटी चमड़ी की हूं। मुझे इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं होती कि लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं।



## भारत में धूम मचाने को तैयार रैपर एमिनेम

अमेरिकी रैपर, गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता एमिनेम उर्फ मार्शल ब्रूस मैथर्स के प्रशंसक दुनियाभर में फैले हुए हैं। भारत में भी उनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। उन्होंने एक-दो नहीं, बल्कि 15 ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। इसके अलावा वह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं। अब एमिनेम के भारतीय प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, एमिनेम पहली बार भारत में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।



### अभिनेता भी हैं एमिनेम

एमिनेम को 'मॉकिंगबर्ड', 'लूज योरसेल्फ', 'विदाउट मी', 'रैप गॉड', 'स्टेन', 'द रियल स्लिम शेडी' और 'नॉट अफ्रेड' जैसे गानों के लिए जाना जाता हैं। रैपर होने के साथ-साथ एमिनेम एक जाने-माने अभिनेता भी हैं। साल 2002 में उनकी फिल्म '8 माइल' रिलीज हुई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म के जरिए उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसमें किम बेसिंगर, ब्रिटनी मर्फी और मेखी फिफर जैसे कलाकार भी नजर आए थे।

### 3 जून को मुंबई में प्रस्तुति देंगे एमिनेम

एमिनेम ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने विश्व दौरे का ऐलान किया है, जिसकी शुरुआत 15 मार्च, 2025 से लॉस एंजिल्स से होगी और 22 जून, 2025 को वह मेलबर्न में अपने इस दौरे का समापन करेंगे। इस बीच 3 जून, 2025 को एमिनेम मुंबई में प्रस्तुति देने जा रहा हैं। उन्होंने लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ। आखिरकार 3 जून को अपने पहले इंडिया शो के लिए मुंबई आ रहा हूं, जो मेरे 2025 वर्ल्ड टूर का हिस्सा है।'

## 'दृश्यम' की तीसरी किस्त का ऐलान

मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम' को 19 दिसंबर, 2013 में रिलीज किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह सुपरहिट साबित हुई। 'दृश्यम' की सफलता के बाद साल 2021 में इस फिल्म का सीक्वल आया था और इस फिल्म ने भी टिकट खिड़की पर खूब नोट छापे। प्रशंसक काफी समय से 'दृश्यम' की तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो गया है। दरअसल, 'दृश्यम 3' का आधिकारिक ऐलान हो गया है।

### अतीत कभी चुप नहीं रहता- मोहनलाल

मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह फिल्म के निर्देशक जीतू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुंबवूर के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'अतीत कभी चुप नहीं रहता। 'दृश्यम 3' का ऐलान।' 'दृश्यम' और 'दृश्यम 2' में मोहनलाल के साथ मीना, आशा सारथ, अंसिबा हसन, एस्तेर अनिल, मुरली गोपी और सिद्दीकी जैसे कलाकार नजर आए थे।



### 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी हॉलीवुड में मचाएगी धमाल

'दृश्यम' एक ऐसी फ्रैंचाइजी है, जिसने मलयालम से लेकर हिंदी बॉक्स ऑफिस तक पर धमाल मचाया है। मोहनलाल और अजय देवगन अभिनीत फिल्मों ने ताबड़तोड़ कमाई करते हुए सभी के दिलों में खास जगह बनाई है बता दें कि 'दृश्यम' और 'दृश्यम 2' के निर्माता पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड ने सभी गैर-भारतीय भाषाओं में 'दृश्यम' और 'दृश्यम 2' के मलयालम संस्करण के रीमेक अधिकार खरीद लिए हैं, वहीं 'दृश्यम' अब हॉलीवुड में भी दर्शकों का मनोरंजन करेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मणिपुर के कई जिलों से चार उग्रवादी गिरफ्तार

**चुराचांदपुर।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर, थौबल और इंफाल ईस्ट जिलों से कम से कम दो अलग-अलग संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों में मंगलवार को चुराचांदपुर से यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी का एक सक्रिय सदस्य और बुधवार को थौबल और इंफाल ईस्ट से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के तीन सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उग्रवादी 'जबरन वसूली, अपहरण, हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी' में शामिल थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में थौबल और तेंगनौपाल जिलों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए हथियारों में राइफल, पिस्तौल, हथगोले और मोर्टार शामिल हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में मठ का पुजारी और सहयोगी गिरफ्तार

**अमरावती।** महाराष्ट्र में पुलिस ने एक मठ के पुजारी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुजारी और उसके सहयोगी पर एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप है। आरोपी कई महीने से पीड़िता से दुष्कर्म कर रहे थे। पीड़िता आठ महीने की गर्भवती है। पुलिस की पीड़िता की एक महिला रिश्तेदार को भी गिरफ्तार किया है। महिला रिश्तेदार पर आरोपियों की मदद करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय पीड़िता ने अपने माता-पिता के साथ अमरावती के श्रीखेद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें रिद्धापुर मठ के मुख्य पुजारी और अन्य के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता अपने रिश्तेदारों के साथ मठ में रह रही थी। 2 अप्रैल 2024 को मठ के मुख्य पुजारी ने पीड़िता की महिला रिश्तेदार को लड़की को उसके कमरे में भेजने को कहा। आरोप है कि मठ के पुजारी सुरेंद्र मुनी तालेगांवकर ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। पुजारी के सहयोगी बालासाहेब देसाई ने भी कथित तौर पर नाबालिग से दुष्कर्म किया। आरोपी बीते कई महीनों से लगातार पीड़िता से दुष्कर्म कर रहे थे।

### दिल्ली स्टेशन: प्लेटफॉर्म 8-16 पर ट्रेन संचालन अब RPF की मंजूरी से


**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुए हादसे के बाद दिल्ली रेल डिवीजन ने एक नया प्रोटोकॉल अपनाया है। इसके तहत स्टेशन के अधिकारी प्लेटफॉर्म नंबर 8 से 16 तक किसी भी ट्रेन के संचालन और ट्रेन को क्लीयरेंस देने से पहले RPF से मंजूरी लेंगे। प्लेटफॉर्म 8 से 16 पर प्रयागराज, पटना, कानपुर, लखनऊ, हावड़ा आदि जैसे पूर्वी क्षेत्रों से आने या जाने वाली सभी ट्रेनें आती हैं। महाकुंभ के कारण इन प्लेटफॉर्म पर बहुत भीड़ हो रही है। 15 फरवरी को प्लेटफॉर्म नंबर 14 के फुट ओवर ब्रिज पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# सुप्रीम कोर्ट से लोकपाल को झटका

## हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ जांच करने के आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने गुरुवार को मामले पर खुद सुनवाई की और कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया कि 18 मार्च को अगली सुनवाई होगी। तब तक जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करना है।



### सिब्बल बोले- इस पर एक कानून बनाना चाहिए

इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत की सहायता करने की पेशकश की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी। सिब्बल का मानना है कि यह मामला न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सिब्बल ने कहा- मुझे लगता है इस पर एक कानून बनाया जाना चाहिए।

### आरोप | कंपनी के पक्ष में फैसले के लिए जजों से सिफारिश की

दरअसल, लोकपाल ने 27 फरवरी को एक आदेश जारी कर हाईकोर्ट के एक मौजूदा एडिशनल जज के खिलाफ दो शिकायतों पर कार्रवाई की बात कही थी। लोकपाल ने कहा कि हाई कोर्ट का जज लोकपाल अधिनियम की धारा 14 (1) (f) के दायरे में एक व्यक्ति के रूप में योग्य होगा। इन शिकायतों में आरोप था कि संबंधित जज ने एक निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए हाईकोर्ट के एक अन्य जज और एक एडिशनल जिला जज को सिफारिश की। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस जज के खिलाफ फैसले को प्रभावित करने का आरोप है, वह किसी समय में इसी कंपनी के लिए वकालत कर चुके हैं।

# पाकिस्तानी नागरिक ने 18 बार किया भारत दौरा

## • असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का दावा



एजेंसी | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि असम पुलिस द्वारा देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में दर्ज मामले के मुख्य आरोपी पाकिस्तान नागरिक अली तौकीर शेख ने 2010 से 2018 के बीच 18 बार भारत का दौरा किया था। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विधानसभा में चर्चा के दौरान, शर्मा ने यह भी दावा किया कि मामले में प्रारंभिक जानकारी कांग्रेस के लिए 'बहुत घातक' है और इसका असम की राजनीति पर 'बहुत बड़ा प्रभाव' पड़ेगा।

### SIT कर रही है जांच, अगस्त तक बड़े खुलासे का दावा

असम पुलिस ने सोमवार को अली तौकीर शेख और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले की जांच के लिए चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (SIT) बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया, 'SIT के गठन के दो दिन के भीतर हमें यह पता चला कि शेख ने नवंबर 2010 से नवंबर 2018 के बीच भारत में 18 यात्राएं कीं। जल्द ही यह भी स्पष्ट होगा कि उसे भारत में किसने आमंत्रित किया, उसे कहां ठहराया गया और उसने इन यात्राओं के दौरान क्या किया?' उन्होंने कहा कि यह मामला असम की राजनीति को अगस्त-सितंबर तक गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। शर्मा ने यह भी कहा कि 'हालांकि तौकीर खुद को एक जलवायु कार्यकर्ता बताता है, लेकिन ऐसा लगता है कि उसकी रुचि असम और भारत की आंतरिक राजनीति में अधिक थी।'

# एनडीए ने मिलकर चुनाव लड़ने का लिया संकल्प



## • प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में गठबंधन की एकता पर जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार और पश्चिम बंगाल सहित आगामी सभी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गठबंधन की एकता को मजबूत करने पर चर्चा हुई। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि एनडीए की केंद्र और राज्य सरकारें देश की प्रगति और जनकल्याण के लिए मजबूती से काम करेंगी। साथ ही, गठबंधन के नेताओं ने आगामी चुनावों में प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

### गठबंधन के दिग्गज हुए शामिल

इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार और अपना दल (एस) के सोनेलाल पटेल सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। इसके अलावा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी बैठक में मौजूद रहे। गठबंधन के नेता दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे।

# सांसद रकीबुल हुसैन पर हमला

## बचाव करने पर निजी सुरक्षाकर्मी को भी बदमाशों ने किया घायल



एजेंसी | गुवाहाटी

असम की धुबरी लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी पर गुरुवार को अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। घायल सांसद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घटना की जांच शुरू

पुलिस ने बताया कि असम के नगांव जिले के रुपालीहाट क्षेत्र में सांसद रकीबुल हुसैन पर हमला हुआ। जब वे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने जा रहे थे, इस दौरान हाथों में क्रिकेट बैट लिए कुछ लोग आए और सांसद पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सभी के चेहरे काले कपड़े से ढके हुए थे। सांसद के निजी सुरक्षाकर्मी ने उनको बचाने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और सांसद को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि सांसद की चोटों के बारे में अभी पता नहीं चला है। हमलावर मौके से फरार हो गए हैं। घटना की जांच शुरू कर दी है।

### असम में खतरे में है लोकतंत्र : गोगोई

सांसद रकीबुल हुसैन पर हमले के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने असम के सीएम पर हमला बोला। गोगोई ने कहा कि असम में लोकतंत्र खतरे में है और राज्य के लोग गुंडा राज से आजादी चाहते हैं। असम में कांग्रेस के एक लोकसभा सांसद पर एक व्यस्त बाजार में दिनदहाड़े कथित तौर पर बदमाशों ने हमला किया। गुंडों ने पुलिस सुरक्षा अधिकारियों पर भी हमला किया और उनके हथियार छीनने की कोशिश की। यह सब कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है। गोगोई ने कहा कि फिर भी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह सुनिश्चित करने से इनकार कर दिया कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री को कम से कम असम पुलिस और बाजार में निर्दोष नागरिकों के प्रति अपने सांविधानिक कर्तव्य के बारे में सोचना चाहिए। अगर गुंडों ने मशीन गन पकड़ ली होती, तो एक भयानक त्रासदी हो सकती थी। मुख्यमंत्री के रवैये से चोरों, डकैतों, तस्करों और हत्या के आरोपियों का हौसला बढ़ेगा।

# संपत्ति ध्वस्तीकरण याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

## • याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अधिकारियों के खिलाफ संपत्ति ध्वस्तीकरण को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वे हाईकोर्ट में अपनी अपील दाखिल करें, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट हर मामले की निगरानी नहीं कर सकता।

### याचिकाकर्ता का आरोप

याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि महाराष्ट्र के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के 13 नवंबर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें बिना नोटिस संपत्ति ध्वस्त न करने और 15 दिन की पूर्व सूचना देने के निर्देश थे। जब पीठ ने संपत्ति की मंजूरी योजना प्रस्तुत करने को कहा, तो वकील ने इसके लिए निर्देश लेने की बात कही। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 2024 का आदेश सार्वजनिक सड़क पर बनी संपत्तियों के ध्वस्तीकरण पर लागू नहीं होगा। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि उसकी संपत्ति के पास अन्य संपत्तियों को अवैध घोषित किया गया था, और उसे मात्र एक दिन का नोटिस दिया गया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर दखल देने से इनकार कर दिया और हाईकोर्ट में अपील करने को कहा।

# गुजरात सरकार का 3.70 लाख करोड़ का बजट, जनता को करों में राहत

एजेंसी | गांधीनगर

गुजरात विधानसभा में गुरुवार को वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.70 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सरकार ने कोई नया कर नहीं लगाया है, जिससे जनता को राहत मिली है। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर मोटर व्हीकल टैक्स में कटौती और बंधक विलेखों पर स्टांप शुल्क में कमी करके 148 करोड़ रुपये की कर राहत दी गई है।

## • इलेक्ट्रिक वाहनों और बंधक विलेखों पर कर में कटौती



### बजट में 11.3% की बढ़ोतरी


वित्त मंत्री ने बताया कि इस वर्ष का बजट पिछले वर्ष की तुलना में 37,785 करोड़ रुपये (11.3%) अधिक है। सरकार का यह बजट सामाजिक सुरक्षा, मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे, हरित विकास और आर्थिक गतिविधियों के विकास पर आधारित है। देसाई ने बताया कि अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का 'विकसित गुजरात कोष' बनाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके लिए इस वर्ष के बजट में 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# दिमा हसाओ में करीब डेढ़ महीने तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

## • कोयला खदान से सभी नौ खनिकों के शव किए गए बरामद

एजेंसी | दीमा हसाओ

असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे तीन और खनिकों के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही सभी नौ खनिकों के शव खदान से बरामद कर लिए गए हैं। मामले में एक अधिकारी



ने गुरुवार को बताया कि खदान में लापता होने के 44 दिन बाद ये शव बरामद किए गए हैं। शव बुधवार देर शाम बरामद किए गए, जबकि दो शव दिन में पहले बरामद किए गए थे। बता दें कि, उमरंगशु में खदान में पानी निकालने का काम एक महीने से अधिक समय से चल रहा था और बुधवार को यह उस स्तर तक पूरा हो गया, जहां से पानी निकालने का काम शुरू किया जा सकता है। गोताखोरों ने इन शवों को देखा और उन्हें बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है और इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 6 जनवरी को खदान के अंदर नौ मजदूर फंस गए थे और एक का शव दो दिन बाद बरामद किया गया जबकि तीन अन्य के शव 11 जनवरी को मिले।

# मानहानि मामले में बांसुरी स्वराज को राहत



## • कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की याचिका को खारिज किया

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को राउज एवेन्यू अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को गुरुवार को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल की अदालत ने मामले पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। इस प्रकार बांसुरी स्वराज को कानूनी कार्रवाई से छूट मिल गई। सत्येंद्र जैन ने आरोप लगाया था कि 5 अक्तूबर 2023 को एक साक्षात्कार में बांसुरी स्वराज ने उनके खिलाफ मानहानिकारक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। जैन का दावा था कि साक्षात्कार को लाखों लोगों ने देखा और इसमें स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके (जैन) घर से 1.8 किलोग्राम सोना, 133 सोने के सिक्के और तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे। हालांकि, अदालत ने शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लिया और याचिका को खारिज कर दिया, जिससे भाजपा सांसद को राहत मिली।

# टमाटर-अरहर दाल के दाम दो वर्षों में सबसे अधिक बढ़े

## दो वर्ष के दौरान अरहर दाल की औसत कीमतें 112 रुपये से बढ़कर पहुंच गई 140 के पार

एजेंसी | नई दिल्ली

बीते कुछ महीनों के दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट के चलते औसत महंगाई दर में गिरावट आई है लेकिन कुछ खाद्य वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। खास तौर पर दालों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते दो वर्षों की कीमतों को देखा जाए तो मसूर की छोड़कर बाकी सभी प्रमुख दालों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सबसे ज्यादा अरहर दाल की कीमतें बढ़ी हैं। उधर, टमाटर के दाम भी दो वर्षों में सबसे अधिक बढ़े हैं।



### खाद्य वस्तुओं की कीमतों में दो वर्षों के दौरान बढ़ोतरी

| खाद्य वस्तु | फरवरी 2023 | फरवरी 2025 |
|---|---|---|
| अरहर दाल | 112 | 140.3 |
| उड़द दाल | 105 | 121.1 |
| मूंग दाल | 102 | 112.4 |
| चना दाल | 70 | 90.2 |
| मसूर दाल | 90 | 88.6 |
| चावल | 37 | 42.3 |
| गेहूं | 32 | 34.9 |
| टमाटर | 10 | 20.7 |
| आलू | 20 | 24.1 |
| प्याज | 25 | 35.2 |

### अरहर दाल 180 रुपये प्रति किलो तक बिक रही

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तरफ से जारी मासिक रिपोर्ट से पता चलता है कि दालों, खाद्य तेल और मोटे अनाज की कीमतों में इजाफा हो रहा है। बाजार में अरहर दाल 180 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। ऑनलाइन ग्रॉसरी शॉपिंग यानी ई-कॉमर्स कंपनियां 120 से लेकर 200 रुपये प्रति किलो तक अरहर दाल बेच रही है। ऑर्गेनिक दाल की कीमतें काफी ज्यादा है। ऐसे में आरबीआई ने अरहर दाल की औसत कीमतें 140 रुपये मानी है जो जनवरी 2023 में 112 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास थी। इस तरह से देखा जाए तो अरहर दाल के दाम बीते दो वर्षों के दौरान 28 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गए है। इसी तरह से उड़द और चना दाल की कीमतों में भी तेजी आई है। उधर, खाद्य तेल की कीमतों में भी अक्टूबर 2024 के बाद से लगातार तेजी आ रही है। इससे साफ है कि आने वाले महीनों में कीमतों में तेजी के असर लोगों की थाली पर भी पड़ सकता है।

# मणिपुर में उग्रवादियों को राज्यपाल का अल्टीमेटम



एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद गवर्नर अजय कुमार भल्ला की तरफ से एक बयान जारी किया गया है। इसमें मणिपुर की सभी कम्युनिटी से लूटे हुए और गैरकानूनी तरीके से रखे गए हथियारों और गोला-बारूद को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने को कहा गया है। गर्वनर ने कहा है कि डेडलाइन के अंदर हथियार लौटाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ में ये भी कहा गया है कि अगर कोई 7 दिन की डेडलाइन के बाद भी लूटे या गैरकानूनी हथियार रखता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मणिपुर में पिछले 2 साल से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय संघर्ष चल रहा है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने 9 फरवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है।